ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

Bahamas Is Not 'THE' Venue Anymore...

"Building a base on the Moon and a city on Mars will require millions of space suits," reads a caption on a SpaceX YouTube video.

Best Weather Mobile Apps

Therapy for Cancer Patients' Mental Health

# "वन नेशन, एक इलैक्शन" के नारे से भाजपा देश का राजनीतिक एजेण्डा पुन: निर्धारित करना चाहती है

## 2014 से यह एजेण्डा मोदी ही तय करते आये थे, पर इस बार राहुल गांधी के "कास्ट सैंसस (जातजन गणना) के नारे ने देश का राजनीतिक एजेण्डा निर्धारित करने का अधिकार छीन लिया था

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों में भाजपा द्वारा मौजूदा चुनौतियों का सामना किये जाने के दौरान ही, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज "वन नेशन वन इलैक्शन" (ओ.एन.ओ.ई.) के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। विपक्ष ने इसे "ध्यान बाँटने वाली" "चाल" की संज्ञा दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2014 से ही इस विचार की जोरदार वकालत करते आ रहे हैं। उन्होंने इस साल लाल किले से किये गये स्वतंत्रता दिवस के अपने सम्बोधन में भी इस मुद्दे का प्रमुखता से उल्लेख किया था। विडम्बना देखिये कि चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र एवं झारखंड को छोड़ते हुये, केवल हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में ही चुनाव कराने का निर्णय लिया है। इन चारों राज्यों के विधानसभा चुनाव बड़ी आसानी से एक साथ हो सकते थे।

- चुनाव विशेषज्ञों का मानना है, कि, हालांकि "एक राष्ट्र, एक चुनाव" स्थापित करने में बहुत समय और बहुत श्रम लगेगा।
- सम्भवतः शायद आज इसे लागू भी नहीं कर पायें, और इस मुद्दे पर यूटर्न भी कर लें।
- पर जब तक फाइनल निर्णय नहीं होता, इस नारे पर बहस तो शुरू हो गयी है, और जारी रहेगी।
- भाजपा के नीतिकारों का मानना है, यह बहस राहुल के "कास्ट सैंसस" का सही जवाब है।
- सरकार द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार सर्वे के अनुसार अस्सी प्रतिशत जनता "एक राष्ट्र एक चुनाव" के पक्ष में है। केवल कुछ नेता, विशेषकर क्षेत्रीय नेता "एक राष्ट्र, एक चुनाव" की व्यवस्था के खिलाफ हैं। क्योंकि, इस व्यवस्था से उनका क्षेत्रीय प्रभाव ढह सकता है।

आई.टी. एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस प्रस्ताव की क्रियान्विति सरकार के इस कार्यकाल में ही हो जायेगी तता 2029 में सभी चुनाव एक साथ सम्पन्न होंगे। लेकिन यह विचार अनेक कारणों से बेतुका प्रतीत होता है, जिनमें से प्रमुख कारण है- विपक्ष शासित राज्य सरकारों के साथ सर्वसम्मति बनाने की चुनौतियाँ।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा मन्त्रिमंडल के इस निर्णय कर दिये जाने के बाद, सरकार को संसद के शीतकालीन सत्र मे एक विधेयक पेश करना होगा। इसके साथ ही, इस प्रस्ताव की क्रियान्विती के लिये आवश्यक विधायी परिवर्तन लाने के लिए सम्बन्धित विधेयक भी पेश करने होंगे। इसके बाद, कम से कम 50 प्रतिशत राज्य सरकारों द्वारा इस प्रस्ताव का पास किया जाना अनिवार्य होगा। मुद्दे की बात यह है कि इस प्रस्ताव की क्रियान्विती में आने वाली चुनौतियां बहुत जटिल होंगी तथा भविष्य में, एक स्थिति पर पहुँचकर, सरकार द्वारा इस मुद्दे पर अपने कदम पीछे हटा लेने की

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# आतिशी शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। आम आदमी पार्टी (आप) की जानी-मानी नेता तथा दिल्ली सरकार की मन्त्री आतिशी शनिवार, 21 सितम्बर को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। इससे पार्टी के अन्दर उनकी स्थिति और मजबूर होगी।

दिल्ली के उप राज्यपाल वी.के.सक्सेना ने मनोनीत मुख्यमंत्री के लिए आतिशी की शपथ के लिये 21 सितम्बर की तिथि प्रस्तावित की है।

- दिल्ली के राज्यपाल वी.के. सक्सेना ने शपथ ग्रहण के लिए शनिवार 21 सितम्बर की तारीख प्रस्तावित की है।

ज्ञातव्य है कि अरविन्द केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके हैं। सूत्रों ने कहा कि केजरीवाल का त्याग पत्र राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के पास भेज दिया गया है। लेकिन आप विधायक दल ने अभी तक शपथ-ग्रहण समारोह की तिथि की पुष्टि नहीं की है।

आतिशी, जो सर्वसम्मति से आप विधायक दल की नेता चुन ली गई थीं, दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनने के लिये पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने पार्टी का नेतृत्व उस समय ग्रहण किया,

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# देश की जी.डी.पी. में कर्नाटक का योगदान 5.4 प्रतिशत से बढ़कर 8.2 प्रतिशत हुआ

## प्रति व्यक्ति आय के मामले में भी कर्नाटक देश भर में तीसरे स्थान पर

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। कर्नाटक में इकॉनमिस्ट तथा बिज़नेस प्रोफैशनल आर्थिक उदारीकरण को धन्यवाद देते हैं, जिसने, देश में नई आर्थिक नीति अपनाने से पहले की तुलना में ग्रोथ को लगभग दोगुना कर दिया है और जिसने देशभर में उद्यम को बढ़ावा दिया है। आज, प्रधानमंत्री की इकोनॉमिक एडवाइज़री काउन्सिल भी इस तथ्य को स्वीकार करती है और उनका कहना है कि 1960-61 में देश की जी.डी.पी. में कर्नाटक का जो शेयर 5.4 प्रतिशत था वो 1990-91 तक लगभग यही बना रहा। लेकिन, उदारीकरण के बाद, कर्नाटक में तेजी से ग्रोथ हुई और 2000-01 तक उसका जी.डी.पी. शेयर बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गया। इसके बाद 2023-24 मे कर्नाटक का जी.डी.पी. शेयर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गया तथा कर्नाटक देश के सर्वोच्च पांच राज्यों में शामिल हो गया।

प्रवासी लोग कर्नाटक जैसे शान्तिप्रिय राज्य में भी हाल ही में हिन्दी को लेकर विवाद खड़ा करने की कोशिश भले ही कर रहे हों, जबकि कर्नाटक भाषाई कट्टरता तथा भाषाई आन्दोलनों को हवा देने के मामले में कभी आगे नहीं आया है। लेकिन यह भी सत्य है कि अंग्रेजी भाषा से राज्य की इंजीनियरिंग तथा कम्प्यूटर की हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर कुशलता को बल मिला है तथा इस भाषा की बदौलत, इस राज्य को देश के "सिलिकॉन वैली" के रूप में उभरने में मदद मिली है तथा भारत को आउटसोर्सिंग से मिलने वाले काम का भी काफी लाभ मिला है।

- प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट ने माना है कि कर्नाटक व अन्य दक्षिणी राज्यों के विकास का श्रेय नरसिम्हाराव की सरकार में तत्कालीन वित्तमंत्री मनमोहन सिंह के मार्गदर्शन में हुए आर्थिक उदारीकरण को जाता है।
- 1960-61 से 1990-91 तक कर्नाटक का योगदान लगभग 5.4 प्रतिशत था, जो आर्थिक उदारीकरण के बाद बढ़ कर 6.2 प्रतिशत हो गया था और अब 8.2 प्रतिशत हो गया है।
- यही वजह है कि कर्नाटक आई.टी. सैक्टर में नम्बर वन बना और अब स्पेस टैक्नॉलजी सैक्टर में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री की "इकॉनॉमिक एडवाइज़री कमेटी (ई.ए.सी.) द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट "रिलेटिव इकॉनॉमिक परफॉर्मेंस ऑफ इन्डियन स्टेट्स :

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# कांग्रेस ने किए हरियाणा में सात चुनावी वादे

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हरियाणा विधानसभा चुनाव का 53 पृष्ठीय घोषणापत्र जारी किया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा अन्य पार्टी नेताओं ने 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए सात चुनावी वादों की घोषणा की। इनमें प्रमुख हैं- 18 से 60 वर्ष के बीच सभी महिलाओं को प्रतिमाह 2000 रुपए की राशि देकर उनका आर्थिक सशक्तिकरण तथा इससे ऊपर की आयु वाली महिलाओं को 2000 रु. की पैंशन व सभी महिलाओं को 500 रु. में गैस सिलैण्डर दिया जाना।

इन नेताओं ने रिटायर हो चुके सरकारी कर्मचारियों को 6000 रु. प्रतिमाह पैंशन देने की घोषणा भी की।

कांग्रेस ने वादा किया कि वो दो लाख सरकारी पदों पर भर्ती करेगी तथा हरियाणा को शराब मुक्त बनाएगी।

इनके अलावा कांग्रेस ने सभी को 25 लाख रु. तक का मुफ्त इलाज, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, सौ गज के प्लॉट पर 3.50 लाख की लागत वाला दो कमरों का फ्लैट, मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एम.एस.पी.) की कानूनी गारंटी, जातियों का सर्वे तथा क्रीमी लेयर की सीमा 6 लाख रु. से बढ़ाकर 10 लाख रु. करने का वादा किया है।

खड़गे ने कहा, सात चुनावी वादों के अलावा कांग्रेस ने अपने 53 पृष्ठ के घोषणा पत्र में और बहुत से, वादे किए हैं। उन्होंने कहा, मोदी सरकार रसोई गैस के दाम बढ़ाती रहती है, जबकि, कांग्रेस का लक्ष्य इन्हें घटाने का है। उन्होंने सौ गज के प्लॉट पर दो कमरों का फ्लैट देने की बात पर जोर दिया। उन्होंने सभी चुनावी वादे पूरे करने का आश्वासन दिया।

- कांग्रेस ने 18 से 60 वर्ष की सभी महिलाओं को प्रतिमाह 2 हजार रु. तथा उससे अधिक उम्र की महिलाओं को 2000 रु. मासिक पेंशन देने व सभी महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलैण्डर देने की घोषणा की।
- पार्टी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने व 6 हजार रु. पेंशन देने की घोषणा की और 2 लाख सरकारी पदों पर भर्ती करने का वादा किया।
- पार्टी ने 25 लाख रु. तक का मुफ्त इलाज, 300 युनिट मुफ्त बिजली और गरीबों को 100 गज का 2 कमरों का फ्लैट देने का वादा भी किया।

# "एक राष्ट्र एक चुनाव" को मंत्रिमंडल की मंजूरी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को रामनाथ कोविंद कमेटी की रिपोर्ट स्वीकार कर ली कमेटी ने देश भर के चुनाव दो चरणों में कराने का सुझाव दिया है।

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाली उच्चस्तरीय कमेटी की इस संबंध में प्रस्तुत रिपोर्ट स्वीकार कर ली है रिपोर्ट में दो चरणों में देशभर के सभी चुनाव करवाए जाने का सुझाव दिया गया है।

कमेटी का सुझाव है कि पहले चरण में लोकसभा व विधानसभा के चुनाव करवाए जाएं तथा दूसरे चरण में स्थानीय निकायों के चुनाव करवाए जाएं। पहले चरण के 100 दिन बाद दूसरा चरण आयोजित हो। कमेटी ने इस

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# उपमुख्यमंत्री बैरवा को जिला रिव्यू कमेटी से हटाया

## दूदू का जिला दर्जा जाने की चर्चायें उठीं

जयपुर, 18 सितम्बर। पूर्ववर्ती अशोक गहलोत की सरकार के समय बने 17 नए जिलों के रिव्यू को लेकर बनाई गई कमेटी के संयोजक पद से सरकार ने उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को हटा दिया है। उनकी जगह कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर को कैबिनेट सब-कमेटी का संयोजक बनाया गया है। सरकार के इस फैसले के बाद अब दूदू से जिले का दर्जा जाने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। ज्ञातव्य है कि दूदू को जिला बनाने के साथ ही इसका विरोध शुरू हो गया था। सत्रह नए जिलों में क्षेत्रफल के लिहाज से भी दूदू सबसे छोटा जिला है।

उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा दूदू विधानसभा से चुनकर आते हैं। जानकार सूत्रों के अनुसार, बैरवा के कमेटी संयोजक रहते हुए अगर दूदू को लेकर कोई फैसला होता तो राजनीतिक लिहाज से जनता में गलत मैसेज जाता। संभवत: इसी को ध्यान में रखकर सरकार ने यह फैसला लिया है।

सचिवालय में मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में कैबिनेट सब कमेटी की पहली बैठक हुई। बैठक में पंवार कमेटी की रिपोर्ट पर चर्चा की गई है। बैठक के बाद मदन दिलावर ने कहा कि हम पंवार कमेटी की रिपोर्ट को बारीकी से देख और समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए जिले बनाने में जो मापदंड तय किए गए थे, उनके साथ कमेटी की रिपोर्ट का अध्ययन कर रहे हैं।

बैठक के बाद मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि नए चेयरमैन मदन दिलावर ने पूरी समीक्षा की। हम अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे हैं। कुछ बिंदुओं पर पंवार कमेटी से राय मांगी गई है। उनकी रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। दरअसल, सरकार ने कैबिनेट सब कमेटी के सहयोग के लिए रिटायर्ड आई.ए.एस. अधिकारी ललित के पंवार की अध्यक्षता में एक हाई लेवल एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने 30 अगस्त को सरकार को रिपोर्ट सौंप दी है।

भजनलाल सरकार ने 17 नए जिलों और 3 संभागों के रिव्यू के लिए 12 जून को उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के संयोजन में एक मंत्रिमंडलीय उप-समिति गठित की थी। जिसमें उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत को सदस्य बनाया गया था। कमेटी के मौजूदा सदस्यों को बरकरार रखा गया है।

गहलोत राज में बने जिलों को लेकर ललित के पंवार कमेटी ने सभी जिलों का दौरा करके रिपोर्ट लेने के साथ लोगों से मुलाकात की थी। कमेटी से 45 विधायकों, 5 सांसदों, 12 जिला प्रमुखों, 25 प्रधानों सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात करके अपने सुझाव और मांगें रखीं। भाजपा विधायकों ने गहलोत राज के कई छोटे जिलों की बाउण्ड्री पर आपत्ति जताते हुए नए इलाके जोड़ने और हटाने पर भी सुझाव दिया है।

- मंत्री मदन दिलावर को नये जिलों के लिए बनाई गई कैबिनेट सब कमेटी का संयोजक बनाया गया है।
- बैरवा के संयोजक रहते दूदू का दर्जा छिनने से राजनीतिक समस्या खड़ी होने का अंदेशा था।

# जलेब चौक पर कब्जे को लेकर पूर्व राजपरिवार का दावा खारिज

जयपुर, 18 सितंबर। अपर सिविल न्यायालय उत्तर, महानगर द्वितीय ने जलेब चौक की खाली जमीन पर कब्जे से बेदखल करने से जुड़े मामले में पूर्व राजपरिवार से जुड़ा महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय म्यूज़ियम ट्रस्ट का तीस साल पुराना दावा खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि कोवनांट की शर्त के अनुसार, जब जलेब चौक के रखरखाव का अधिकार ट्रस्ट को नहीं था तो उसने किस कानूनी अधिकार के इस संपत्ति को लाइसैंसधारियों को लाइसैंस पर दे दिया।

दावे में कहा गया कि जयपुर रियासत के पूर्व शासक स्वर्गीय महाराजा सवाई मानसिंह बहादुर ने अपने जीवनकाल में इस ट्रस्ट का वर्ष 1959 में गठन किया था। वहीं वर्ष 1972 में ट्रस्ट के चेयरमैन सवाई भवानी सिंह ने इस ट्रस्ट को संपत्तियां दी थीं। जलेब चौक की खाली जमीन पर ट्रस्ट ने लाइसैंस पद्धति पर आवेदकों को जगह दे रखी है, जहां आवेदक थड़ी और टीनशेड लगाकर रोजगार कर रहे हैं। नगर निगम के कर्मचारी 28 जून, 1994 को इन दुकानदारों के पास आए और उन्हें परिसर से हटाने और सामान जब्त करने की बात कही। अगले दिन निगम ने आकर थड़ियों और टीन शेड को हटाना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर ट्रस्ट ने अपने

- सवाई मानसिंह म्यूज़ियम ट्रस्ट ने 30 साल पहले जलेब चौक की खाली जमीन पर कब्जे के सम्बंध में दावा पेश किया था।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# जोधपुर में 8 साल की मासूम से दुष्कर्म

जोधपुर, 18 सितम्बर (कासं)। जोधपुर के लूणी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग को 8 साल की मासूम से रेप के आरोप में पुलिस ने डिटेन किया है। घटना के तीन दिन बाद तक परिवार ने डर के कारण रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई, लेकिन बेटी को न्याय दिलाने के लिए मां ने हिम्मत कर मामला दर्ज करवाया। पीड़िता का मेडिकल करवाया गया है।

लूणी थानाधिकारी हुकमसिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने मंगलवार को नाबालिग बेटी से रेप का मामला दर्ज करवाया है। सिंह ने बताया कि 14 सितंबर को मासूम के साथ पड़ोस में रहने वाले एक 11 साल के बच्चे ने रेप किया। शाम को बेटी की तबीयत खराब होने पर परिवार के लोगों को इसके बारे में पता चला।

- पुलिस ने रेप के आरोप में 11 साल के बच्चे को डिटेन किया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# 1960-61 में बंगाल का इकोनॉमिक योगदान जी.डी.पी. का 10.5 प्रतिशत था, पर अब घट कर 5.6 प्रतिशत रह गया है

## प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति ने प्र.मंत्री. के समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट में यह तथ्य उजागर किया

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। महाराष्ट्र पश्चिम बंगाल, और तमिलनाडु जो 60 के तक भारत के सबसे बड़े औद्योगिक केन्द्र थे, ने 1960-61 के बाद से अलग-अलग दिशाएं अख्तियार कर ली जिससे देश के आर्थिक विकास की महत्वपूर्ण क्षेत्रीय विभिन्नताएं उजागर होती है।

इकोनॉमिक एडवायज़री काउन्सिल ऑफ प्राइम मिनिस्टर (ई.ए.सी.-पी.एम.) की रिपोर्ट के अनुसार 2011 से ममता बनर्जी के शासन काल के बाद से देश की अर्थव्यवस्था में बंगाल के योगदान में भारी कमी आई है। इसके विपरीत महाराष्ट्र ने इस अवधि मे सतत ग्रोथ कायम रखी है। तमिलनाडु ने शुरूआती कमी के बाद शानदार सुधार किया और 1991 में भारत के उदारीकरण के बाद से भारी गति पकड़ी।

ई.ए.सी.-पी.एम. पेपर में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान और प्रतिव्यक्ति आय के आधार पर राज्यों के प्रदर्शन की तुलना की गई है। गत दशक में महाराष्ट्र के योगदान के मामूली सी कमी हुई है पर उसने 1960-61 से लेकर 2023-24 तक अपने आर्थिक प्रदर्शन को कायम रखा है।

इसके विपरीत पश्चिम बंगाल का आर्थिक योगदान लगातार घटा है। पश्चिम बंगाल 1960-61 में 10.5 प्रतिशत के साथ देश की जी.डी.पी. में योगदान ने तीसरे नम्बर पर था। यह 2023-24 में इसका योगदान घटकर 5.6 प्रतिशत रह गया है। यहां तक कि 2010-11 जब ममता बनर्जी राज्य की मुख्यमंत्री बनी थी तब भी राज्य का योगदान 6.7 प्रतिशत था।

प्रतिव्यक्ति आय में भी पश्चिम बंगाल पिछड़ गया है। प्रतिव्यक्ति आय जो 1960-61 के दशक में 127.5 प्रतिशत थी, वह घटकर राष्ट्रीय औसत का 83.7 प्रतिशत रह गई है। पश्चिम बंगाल राजस्थान एवं ओडिशा जैसे राज्यों से भी पिछड़ गया है। प्रतिव्यक्ति आय में कमी से पता लगता है कि बंगाल राष्ट्रीय इकोनॉमिक ग्रोथ से तालमेल करने में जूझ रहा है। रिपोर्ट कहती है कि यह सतत औद्योगिक भारत के पूर्वी भाग में विकास की कमी पर चिंता दर्शाती है।

महाराष्ट्र कई दशकों से अच्छी आर्थिक व्यवस्था के कारण देश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदान कर रहा है। हालांकि गत दशक में इसके योगदान में मामूली कमी देखी गई थी इसी बीच तमिलनाडु ने शुरुआत की कमी के बाद 1991 के बाद से अच्छी गति पकड़ी पेपर में इसके लिए आर्थिक सुधारों व उदारीकरण को क्रेडिट दिया जिसकी वजह से दक्षिणी राज्यों के

- इसी रिपोर्ट के अनुसार, 1960-61 में बंगाल का जी.डी.पी. राष्ट्रीय औसत का 127.5 प्रतिशत था, जो अब राष्ट्रीय औसत जी.डी.पी का केवल 83.7 प्रतिशत ही है, राजस्थान व उड़ीसा से भी कम।
- 1960 के दशक में महाराष्ट्र, बंगाल व तमिलनाडू बड़े महारथी माने जाते थे, आर्थिक योगदान की दृष्टि से। महाराष्ट्र व तमिलनाडू ने तो अपनी पोज़ीशन लगभग बरकरार रखी है, पर बंगाल लगातार लुढ़कता ही चला गया।
- 1991 में देश ने जबसे इकोनॉमिक लिब्रलाइज़ेशन (आर्थिक उदारीकरण) का रास्ता पकड़ा, कर्नाटक आंध्र, तेलंगाना ने स्थिर गति से इकोनॉमिक समृद्धि बढ़ायी है।
- उत्तर भारत में दिल्ली व हरियाणा ने भी प्र.मंत्री की इकोनॉमिक सलाहकार मामलों की समिति की इस रिपोर्ट के अनुसार, छलांगें लगाई हैं इकॉनमी की दृष्टि से।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## विचार बिन्दु

**मस्तिष्क इन्द्रियों की अपेक्षा महान है, शुद्ध बुद्धिमत्ता मस्तिष्क से महान है, आत्मा बुद्धि से महान है, और आत्मा से बढकर कुछ भी नहीं है।**

**–स्वामी शिवानंद**

# तकनीक के दुरुपयोग का बड़ा उदाहरण है पेजर अटैक

संवाद का माध्यम पेजर का युद्ध के नए हथियार के रुप में सामने आना बेहद चिंताजनक होने के साथ ही भविष्य में नए तरीके के युद्ध का नया संकेत बनकर सामने आ रहा है। लेबनान में हजारों पेजरों में एक साथ विस्फोट से यह भी साफ हो गया है कि इलेक्ट्रोनिक डिवाइसों का उपयोग विनाश, आतंक फैलाने या इसी तरह की दूसरी गतिविधियों के लिए भी किया जा सकता है। लेबनान में एक साथ हजारों की संख्या में पेजरों में विस्फोट को लेकर संभावनाओं का बाजार गर्म है। होने में तो यह एक तरह का साइबर अटैक है पर चूंकिं अभी आरंभिक स्थिति है ऐसे में कयास यह लगाये जा रहे हैं कि या तो डिवाइस को हैक करके यह कार्रवाई की गई है या फिर पेजर जहां से खरीदे गए हैं वहां से ही इसमें कोई विस्फोटक प्लांट किया गया है और जिसका परिणाम मौत और हताहतों के रुप में सामने आ रहा है। करीब एक दर्जन से अधिक की मौत की शुरुआती जानकारी के साथ ही 3 हजार से अधिक लोगों के घायल होने के समाचार है। ईरानी राजदूत सहित करीब 500 लोगों को अपनी आंख गवानी पड़ी है। जानकारों के अनुसार एक तरह से इसे इलेक्ट्रोनिक वॉरफायर भी कहा जा सकता है। हांलाकि इस घटना के लिए इजरायल पर निशाना साधा जा रहा हैं वहीं पेजर सप्लाई करने वाली ताइबान की कंपनी भी शक के दायरें में हैं।

ईरान समर्थित हिज्जबुल्ला संगठन हमास पहले से ही इस तरह की घटना के प्रति इस मायने में सावचेत था कि उसे यह शक था कि सेलफोन के माध्यम से इस तरह की घटना के साथ ही हमास की गतिविधियों की जासूसी संभावित है। ऐसे में हमास ने अपने प्रमुख समर्थकों को पेजर का उपयोग करने की ही सलाह दी डुई थी। पिछले दिनों ही ताइबान से 5000 पेजर मंगवाये गये थे। यह कयास लगाया जा रहा है कि पेजर सप्लाई करने से पहले उसमें कोई इस तरह की चिप इंप्लांट कर दी गई थी जो एक निश्चित तापमान पर आते ही विस्फोट हो जाए। दूसरी और यह भी कयास है कि पेजर को हैक करके बेटरी का तापमान बढ़ाकर विस्फोट किया गया हो। जो भी हो पर यह तकनीक के दुरुपयोग की श्रेणी में ही आएगा। हांलाकि ताईबान की निर्माता कंपनी के सू चिंग कुआंग ने पेजर में पहले से कोई विस्फोटक इंप्लांट होने की बात को सिरे से खारिज किया है। इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर की संभावनाओं को इससे समझा जा सकता है कि हिज्जबुल नेता हसन नसरुल्लाह ने सेलफोन के उपयोग ना करने के लिए अपने सकर्थकों को सतर्क कर रख था।यही कारण था संगठन के बीच संवाद का माध्यम पेजर ही था। लेबनान के लोग अभी तक यह नहीं भूले हैं कि 6 मार्च, 1966 को हमास नेता याह्या अब्बाश को फोन कॉल विस्फोट कर उड़ा दिया था। कहने को तो यह भी कहा जा रहा है रुस यूक्रेन युद्ध के दौरान यूक्रेन द्वारा मोबाइल फोन में विस्फोट कर रुसी सैनिकों को मौत के घाट उतारने का दावा यूक्रेन द्वारा किया गया।

> **संचार क्रांति के चलते क्या गरीब और क्या अमीर सभी के पास एंड्रोइड मोबाइल आम है। इसके साथ ही कंम्प्यूटर, टेबलेट्स, नोटबुक, लेपटॉप आदि का उपयोग आम है और इनको हैक किया जाना तो आसान माना जाता है। पिछले दिनों जिस तरह से माइक्रोसॉफ्ट को चंद समय के लिए हैक कर दिया गया था या सोशियल मीडिया साइट वाट्सएप आदि को हैक कर भले ही कुछ समय के लिए ही हो पर हैंकरों ने अपनी ताकत दिखा ही दी।**

सवाल यह नहीं है कि पेजर विस्फोट से कितने लोग मरें या हताहत हुए, सवाल यह भी नहीं है कि इसके लिए निर्माता कंपनी दोषी है या हैक करने वाले, सवाल यह भी नहीं हैं कि आपसी बदले की भावना से यह किया गया है या अन्य कोई कारण, सवाल यह भी नहीं है कि यह किसके द्वारा करवाया गया है। सवाल सीधा–सीधा यह है कि आर्थिक उदारीकरण के दौरान दुनिया सिमट के रह गई है। अधिकांश जरुरत की चीजों में चिपों का इस्तेमाल आम है। इलेक्ट्रोनिक्स और इलेक्ट्रिकल क्रांति के इस युग में देखा जाए तो फिर कुछ भी सुरक्षित नहीं है। पेजर तो एक बहाना है। यदि इस तरह की संभावनाएं है तो संचार क्रांति के चलते क्या गरीब और क्या अमीर सभी के पास एंड्रोइड मोबाइल आम है। इसके साथ ही कंम्प्यूटर, टेबलेट्स, नोटबुक, लेपटॉप आदि का उपयोग आम है और इनको हैक किया जाना तो आसान माना जाता है। पिछले दिनों जिस तरह से माइक्रोसॉफ्ट को चंद समय के लिए हैक कर दिया गया था या सोशियल मीडिया साइट वाट्सएप आदि को हैक कर भले ही कुछ समय के लिए ही हो पर हैंकरों ने अपनी ताकत दिखा ही दी। हालात तो यह है कि अब तो लक्जरी गाड़ियों में डिवाइस का उपयोग होने लगा है। इसी तरह से घर में दैनिक उपयोग के एसी, फ्रिज, इंडक्शन, अन्य उत्पाद आदि जिस–जिस में भी डिवाइस लगी होती है उसमें सिस्टम में कुछ भी गलत कर सप्लाई करने और कभी भी दुरुपयोग करने की संभावनाओं से नकारा नहीं जा सकता है। डिजिटल अरेस्ट, साइबर क्राइम आदि जब आज आम होता जा रहा है तो इलेक्ट्रोनिक वारॅरफेयर तो नए जमाने का नया संकट पैदा हो गया। ऐसे में किसी भी सिरफिरे व्यक्ति या आतंकी नेता या देश द्वारा इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे सकता है। यह अपने आपमें मानवता के लिए नया संकट हो गया है। समय रहते इसकी काट बनानी होगी नहीं तो किसी के पागलपन का शिकार निर्दोष लोगों को होना पड़ सकता है। यह अपने आप में गंभीर और चिंतनीय स्थिति है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 19 सितम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

अश्विन मास, कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र प्रातः 8:04 तक, वृद्धि योग सायं 7:18 तक, तैतिल करण प्रातः 6:18 तक, चन्द्रमा शुक्रवार प्रातः 5:15 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–मीन, मंगल–मिथुन, बुध–सिंह, गुरू–वृष, शुक्र–कन्या, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग प्रातः 8:04 से आरम्भ होगा। आज अशून्य शयन व्रत, दोज का श्राद्ध है। आज पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:49 तक, चर 10:50 से 12:21 तक, लाभ–अमृत 12:21 से 3:22 तक, शुभ 4:53 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:18, सूर्यास्त 6:24

### मेष


घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ और मानसिक तनाव बना रहेगा। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

### सिंह



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### धनु


घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। परिवार में आपसी अनबन बढ़ सकती है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### वृष


आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

### कन्या



नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। घर–परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर


व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे।

### मिथुन



व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### तुला



व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

### कुंभ


व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा।

### कर्क


नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

### वृश्चिक


व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### मीन


मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# क्या पुरुष प्रजाति खत्म हो जाएगी?



प्रो. अशोक कुमार

यह एक बहुत हों रोचक और विवादास्पद प्रश्न है जिसने हाल के वर्षों में वैज्ञानिकों और आम लोगों दोनों का ध्यान खींचा है।

इस सवाल का जवाब देने के लिए हमें क्रोमोसोम को समझना होगा। महिलाओं के शरीर में दो (एक्स) क्रोमोसोम और पुरुष शरीर में एक और एक (वाय) क्रोमोसोम होता है। महिला और पुरुष के क्रोमोसोम मिलते हैं तो भ्रूण लडकी बनता है और जब (एक्स,वाय) क्रोमोसोम मिलते हैं, तब लड़का पैदा होता है। यानी लड़का पैदा होने के लिए क्रोमोसोम का होना जरूरी है। अगर पुरुषों का क्रोमोसोम खत्म हो जाए, तो फिर लड़के पैदा ही नहीं होंगे सिर्फ लड़कियां पैदा होंगी और फिर इंसान ही नहीं बचेंगे। एक नई रिसर्च में कुछ ऐसा ही खतरा जताया गया है, जो कहती है कि क्रोमोसोम कम होते जा रहे हैं। साइंस अलर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, रिसर्च कहती है कि इंसान का गुणसूत्र घट रहा है और भविष्य पूरी तरह गायब हो सकता है। हालांकि इसके खत्म होने में लाखों वर्ष लगेंगे। अगर इंसान के विकल्प के तौर पर एक नया जीन विकसित नहीं कर पाता है और क्रोमोसोम का पतन जारी रहता है तो धरती से जीवन ही खत्म हो सकता है। एक नए जीन के विकसित होने की उम्मीद प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस में 2022 में पब्लिश एक रिसर्च पेपर से जगी है। इसमें बताया गया है कि कैसे कांटेदार चूहे ने एक नया पुरुष–निर्धारण जीन विकसित किया है। ये एक वैकल्पिक संभावना का इशारा करती है, जो कहती है कि मनुष्य एक नया लिंग निर्धारण जीन विकसित कर सकता है। हालांकि ये बहुत सीधा नहीं है और इसके विकास में कई जोखिम भी साथ आएंगे। यानी इसे अभी विकल्प मान लेना जल्दीबाजी होगी। क्रोमोसोम मानव लिंग का निर्धारण कैसे करता है?

महिला और पुरुषों में एक एक्स और एक वाई क्रोमोसोम होता है। एक्स में लगभग 900 जीन होते हैं, वहीं वाय में कुछ करीब 55 जीन और बहुत सारे गैर–कोडिंग डीएनए होते हैं। वाय क्रोमोसोम एक पंच पैक करता है क्योंकि इसमें एक महत्वपूर्ण जीन होता है जो भ्रूण में पुरुष विकास को शुरू करता है। गर्भधारण के 12 सप्ताह बाद यह मास्टर जीन दूसरे जीनों पर स्विच करता है। ये भ्रूण का पुरुष हार्मोन बनाता है जो यह सुनिश्चित करता है कि बच्चे का विकास एक लड़के के रूप में हो। रिसर्च कहती है कि दोनों क्रोमोसोम में असमानता बढ़ रही है। बीते 166 मिलियन वर्षों में वाय क्रोमोसोम ने 900–55 सक्रिय जीन खो दिए हैं। यह प्रति दस लाख वर्ष में पांच जीनों का नुकसान है। इस दर से आखिरी 55 जीन 11 मिलियन वर्षों में खत्म हो जायेंगे। वाय क्रोमोसोम के कम होने ने वैज्ञानिकों को चिंता में डाल दिया है।

गुणसूत्र क्यों छोटा हो रहा है?

सभी जीवों में जैविक विकास होता रहता है। इसी प्रक्रिया के दौरान गुणसूत्र में कुछ बदलाव होते हैं। अन्य गुणसूत्रों के मुकाबले गुणसूत्र में जीन पुनर्संयोजन की दर कम होती है। इसका मतलब है कि इसमें उत्परिवर्तन और मरम्मत की प्रक्रियाएं धीमी होती हैं। प्राकृतिक चयन के कारण भी गुणसूत्र में कुछ बदलाव होते हैं।

हालांकि क्रोमोसोम के सिकुड़ने की बात चिंता का विषय है, वैज्ञानिकों का मानना है कि मानव पुरुषों के विकास में गुणसूत्र एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन यह गुणसूत्र धीरे–धीरे लुप्त होता जा रहा है। इसके कारण पुरुषों में बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है इस पुरुषों की आयु कम हो सकती है ! यह अक्सर कहा जाता है कि पुरुष प्रजाति खत्म हो सकती है।

क्या पुरुष प्रजाति खत्म होगी?

हालांकि, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि पुरुष प्रजाति पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। कई वैज्ञानिकों का मानना है कि क्रोमोसोम के सिकुड़ने की प्रक्रिया लाखों सालों से चल रही है और अभी भी यह क्रोमोसोम अपने महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम दे रहा है।

कुछ वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि क्रोमोसोम पूरी तरह से गायब होने के बजाय, यह एक नए रूप में विकसित हो सकता है।

क्या हैं इस बात के संकेत? अन्य जीवों में: कुछ जीवों में क्रोमोसोम पहले ही गायब हो चुका है, लेकिन ये प्रजातियां अभी भी मौजूद हैं। क्रोमोसोम न केवल पुरुष लक्षणों के लिए, बल्कि कई अन्य जैविक प्रक्रियाओं के लिए भी ज़िम्मेदार होता है। मानव शरीर एक जटिल प्रणाली है और विकास एक धीमी और लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। यह कहना मुश्किल है कि भविष्य में क्या होगा। जीव विकास एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है और इसमें प्रजातियां बदलती रहती हैं।

निष्कर्ष:– लेकिन, यह प्रक्रिया इतनी धीमी है कि इसका असर आने वाले कुछ लाख वर्षों में ही दिखाई देगा। लेकिन यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि पुरुष प्रजाति पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। इस विषय पर अभी और शोध किए जाने की आवश्यकता है।

**–प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय**

# रूंध इकरन की अपना घर नंदीशाला में डेढ़ से दो फीट तक पानी भरा

**भरतपुर, (निसं)।** अपना घर नंदीशाला रूंध इकरन में पीछे ग्रामीण क्षेत्रों से आ रहे पानी के कारण शेड़ों में डेढ़ से दो फीट तक पानी भर गया है, जिससे गौमाता को पानी भरी शेड़ों में ही चारा खाना पड़ रहा है, जिसके लिए गौशाला प्रशासन द्वारा कुछ शेड़ों से गौवंश को दूसरे शेड़ो में पहुंचा दिया है लेकिन स्थान अभाव के कारण 4 शेड़ों में अभी भी गौपालकों द्वारा भरे पानी में जाकर चारा डालना पड़ रहा है तथा गौवंश भी पानी में खडे होकर ही चारा खाने को मजबूर हैं।

चारा खिलाने के बाद गौवंश को गौशाला परिसर में बनी सड़कों पर बेरीकेटिंग लगा कर रखा जा रहा है। यह पानी गौशाला में सात दिन पूर्व आया था लेकिन पिछले 24 घंटे में एक फीट पानी का स्तर बढ़ गया है, अगर पानी पीछे से आता रहा तथा निकास नहीं हुआ तो यह जलस्तर बढ़ेगा तथा गौवंश को रखना असुविधाजनक होगा। पानी आने का कारण किसान फसल बुवाई के कारण सड़क काटकर पाइप लाइन डाल रहे हैं तथा यह पानी गांव रूंध इकरन, इकरन में आकर एकत्रित हो रहा है, जो कि अपना घर प्रभु प्रकल्प तक पहुंच गया है अगर जलस्तर दो फीट और बढ़ता है तो अपना घर प्रभु प्रकल्प में पानी घुस जायेगा।

प्रशासन द्वारा भी इसे निकालने के लिए नाला खुदवाया जा रहा है जिसमें एक पोकलेन एवं एक जेसीबी लगी है। ये नाला करीब दो किलोमीटर खोदना है तथा पानी को खैमरा के निकट नहर में डालने की प्रक्रिया की जा रही है, लेकिन इसे खुदने में अधिक समय लगता है तो पानी की आवक को देखते हुए गौशाला में परेशानी सबब बनेगा, इससे निपटने के लिए अपना घर द्वारा आपातकालीन सेवासाथियों की टीम बना दी गई है तथा गौशाला में भी जगह–जगह पाइप लाइन डालकर पानी निकासी के प्रयास किये जा रहे।



**गौमाता को पानी भरी शेड़ों में ही चारा खाना पड़ रहा है।**

- **ग्रामीण क्षेत्रों से आ रहे पानी के कारण शेड़ों में डेढ़ से दो फीट तक पानी भर गया है**
- **नंदीशाला में गौमाता को पानी भरी शेड़ों में ही चारा खाना पड़ रहा है**
- **गौवंश को गौशाला परिसर में बनी सड़कों पर बेरीकेटिंग लगा रखा जा रहा है**

# शव को शमशान तक ले जाने के लिए नावों का उपयोग करने को मजबूर हैं ग्रामीण

## उदयपुर शहर से मात्र 80 कि.मी. दूर खेरवाड़ा के लराठी गांव में बुजुर्ग महिला के शव को नाव में रखकर नदी पार कर शमशान ले जाया गया

**उदयपुर, (निसं)।** आजादी के सात दशक बाद भी ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित है, यहां तक कि जीवन की अंतिम यात्रा भी मुश्किलों से पूरी करानी पड़ती है। बुधवार को ऐसा ही एक नजारा शहर से मात्र 80 कि.मी. दूर खेरवाड़ा के लराठी गांव में देखा गया जहां एक बुजुर्ग महिला के निधन के बाद उसके शव को नाव में रखकर नदी पार कर शमशान ले जाया गया।

- **ग्रामीणों के अनुसार लराठी ग्राम पंचायत के पालिया, लक्ष्मीपुरा, डोपचाफला व धारूवा फला के ग्रामीणों को शमशान तक जाने के लिए पुलिया तक की सुविधा नहीं है**

सोशल मीडिया पर चल रहे एक वीडियो से यह जानकारी आमजन तक पहुंची। वीडियो में ग्रामीण नाव में शव रखकर ले जाते दिखे हैं। ग्रामीणों ने नाव से सोम नदी को पार कर महिला का अंतिम संस्कार किया। बारिश के समय कागदर बांध भर जाने पर इस गांव में बड़ी समस्या हो जाती है। बुधवार को गांव की गोमनी देवी का निधन होने के बाद ऐसा ही नजारा देखने को मिला।

जब ग्रामीणों ने चार से पांच नावों को नदी किनारे लगाया, जिनमें शव सहित अन्य अंतिम संस्कार की सामग्री लेकर श्मशान पहुंचे। ग्रामीणों के अनुसार लराठी ग्राम पंचायत के पालिया, लक्ष्मीपुरा, डोपचाफला व धारूवा फला के ग्रामीणों को श्मशान तक जाने के लिए पुलिया तक की सुविधा नहीं है। अंतिम संस्कार के लिए लोगों को नाव से नदी पार कर श्मशान स्थल तक जाना पडता है। शव को नाव में रखकर नदी पार करनी पडती है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, तहसील, उपखण्ड, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को भी कई बार इस संबंध में शिकायत की गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

# राघव शर्मा ने थाईलैंड में एशिया पैसिफिक योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में गोल्ड मैडल जीता

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** मेड़ता के समीपस्थ ग्राम डांगावास के बेटे हाल मुकाम गजानंद नगर जैतारण चौकी मेड़ता सिटी के 12 वर्षीय राघव शर्मा पुत्र पंडित विष्णु शर्मा ने भारतीय योगासन टीम में खेलते हुए देश के लिए गोल्ड मैडल जीता है। भारतीय योगासन टीम के मुख्य कोच व मैनेजर डॉ. एम. निरंजन मूर्ति ने राघव शर्मा के पिता और उसके कोच पंडित विष्णु शर्मा को फोन करके राघव शर्मा के गोल्ड मैडल जीतने की सूचना देकर बधाई दी।

उन्होंने बताया कि राघव शर्मा का हाल ही में भारतीय योगासन टीम में चयन हुआ है, जिसके बाद वह बैंगलोर में प्रशिक्षण ले रहे थे। प्रशिक्षण के उपरांत राघव शर्मा सेकेंड एशिया पैसिफिक योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 में खेलने के लिए थाईलैंड के लिए रवाना हुए। 14 से 20 सितंबर तक थाईलैंड के पटाया शहर में ग्रैंड पेलाजो में आयोजित एशिया पैसिफिक योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 में राघव शर्मा ने भारतीय योगासन टीम में सब जूनियर बॉयज कैटेगरी (10–12 आयु वर्ग) में देश के लिए खेलते हुए आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में गोल्ड मैडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। यूनिवर्सल योगा स्पोर्ट्स फैडरेशन के द्वारा थाईलैंड में आयोजित सेकेंड एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप 2024 में भारत सहित एशिया महाद्वीप के विभिन्न देशों ने भाग लिया। यूनिवर्सल योगा स्पोर्ट्स फैडरेशन के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट कुमार सुरेश ने राघव शर्मा को फर्स्ट रैंक मिलने पर सर्टिफिकेट व गोल्ड मैडल पहनाकर सम्मानित किया। राघव शर्मा ने गोल्ड मैडल पाकर तिरंगा लहराकर खुशी व्यक्त की। राघव शर्मा ने योगासन के क्षेत्र में नागौर जिला व राजस्थान राज्य सहित पूरे भारत का नाम रोशन किया हैं। राघव शर्मा पिछले 5 वर्षों से योगासन सीख रहे हैं और योग की विभिन्न मुद्राओं में विशेष महारथ हासिल की है। उल्लेखनीय है कि राघव शर्मा ने अब तक जिला, राज्य व राष्ट्रीय योगासन की विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर 9 गोल्ड व 2 सिल्वर मैडल सहित कुल 11 मैडल जीते हैं। राघव शर्मा ने यह नौवां गोल्ड मैडल जीता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार खेलते हुए राघव शर्मा ने गोल्ड मैडल जीतकर देश का नाम रोशन किया हैं। राघव शर्मा पिछले तीन वर्षों से लगातार नेशनल टूर्नामेंट के लिए चयनित हो रहे हैं। और राघव शर्मा ने बताया कि उसकी इस सफलता में उसके कोच, प्रशिक्षक व मार्गदर्शक मंडल का विशेष सहयोग रहा है। राघव शर्मा ने सीपी पुरोहित, सरिता पुरोहित, विष्णु शर्मा, घनश्याम चौधरी, घनश्याम सांखला, शिवराज सांखला, चंद्रभान सिंह, सुमित सिंह आदि योग गुरुओं का आभार प्रकट किया है, जिन्होंने समय–समय पर राघव शर्मा का मार्गदर्शन किया और योग के क्षेत्र में विशेष सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है। राघव शर्मा ने बताया कि उसके दादाजी व सेवानिवृत आयुर्वेद चिकित्सक वैद्य मधुसूदन शर्मा के विशेष मार्गदर्शन से भी सफलता प्राप्त हुई है, जिन्होंने राघव के लिए विशेष डाइट प्लान तैयार करवाया और सदैव योगासन करने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। राघव शर्मा की इस सफलता पर पूरे परिवार सहित ग्राम डांगावास व मेड़ता के नागरिकों ने खुशी व्यक्त की हैं।।




**राघव शर्मा**

- **यूनिवर्सल योगा स्पोर्ट्स फैडरेशन के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट ने राघव शर्मा को सर्टिफिकेट व गोल्ड मैडल से सम्मानित किया**




*एम.एन.आई.टी. के अठारहवें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को डिग्रियाँ तथा स्वर्ण पदक प्रदान किए। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समारोह में शिरकत की।*

# कोलकाता में डॉक्टरों की हड़ताल जारी, ममता से और वार्ता की मांग

## हड़ताली डॉक्टरों ने कहा कि पुलिस आयुक्त हटाने की मांग तो मान ली, स्वास्थ्य विभाग में अधिकारियों पर कार्यवाही बाकी है

- **उच्चतम न्यायालय के अनेक आग्रहों के बाद भी सरकारी अस्पतालों में 41 दिन से आउटडोर नहीं लग रहा है।**

कोलकाता, 18 सितंबर। पश्चिम बंगाल में सरकारी अस्पतालों के आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातचीत के लिए एक और दौर की मांग करते हुए बुधवार को भी अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखी।

डॉ. अनिकेत महतो ने संवाददाताओं से कहा कि वे राज्य के मुख्य सचिव को ईमेल करेंगे और मुख्यमंत्री से एक और दौर की बातचीत की मांग करेंगे।

स्वास्थ्य सचिव को दंड देने की कार्रवाई की मांग को लेकर राज्य स्वास्थ्य सचिवालय के बाहर नौवें दिन भी धरना दे रहे एक जूनियर डॉक्टर ने कहा, हमने अपनी कुछ अधूरी मांगों और अस्पतालों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री से और बातचीत का अनुरोध किया है अस्पतालों में धमकी की संस्कृति ने माहौल को खराब कर दिया है।

उच्चतम न्यायालय और बनर्जी ने बार-बार डॉक्टर्स से हड़ताल खत्म करने का आग्रह किया है। डाक्टरों की हड़ताल से पिछले 41 दिनों से सरकारी अस्पतालों के रोगी विभागों में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के तत्वावधान में मंगलवार रात डॉक्टरों ने एक आम सभा की और गत नौ अगस्त को आरजी कार मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कथित तौर पर स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और उसकी हत्या करने पर न्याय दिलाने, स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम को हटाने और सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित कार्य संस्कृति बनाने की मांग को लेकर अपना आंदोलन जारी रखने का फैसला किया।

मंगलवार को मनोज कुमार वर्मा के कार्यभार संभालने के साथ ही कोलकाता पुलिस प्रमुख को बदलने की हडताली डॉक्टरों की मुख्य मांग को पूरा कर दिया गया है, लेकिन प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की उनकी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई।

गत 16 सितंबर को डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री के साथ उनके कालीघाट स्थित आवास पर बैठक की जो पांच घंटे से अधिक समय तक चली। इससे पहले ऐसी दो बैठकें बिना किसी नतीजे के विफल रही।

उल्लेखनीय है कि सरकारी अस्पतालों में काम बंद करने की शुरुआत गत नौ अगस्त को हुई थी जब 31 वर्षीय द्वितीय वर्ष की स्नातकोत्तर महिला डॉक्टर की आरजी कर मेडिकल और अस्पताल में दुष्कर्म और उसकी हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा 14 अगस्त की रात को अस्पताल में तोड़फोड़ भी की गई तथा चिकित्सा उपकरण, दवाइयां और सीसीटीवी कैमरे नष्ट कर दिए गए।

# 'यांत्रिक ज्ञान जरूरी है, परन्तु नैतिक और मानवीय मूल्य जुड़े रहें'

## राष्ट्रपति मुर्मू ने 20 में से 12 स्वर्ण पदक छात्राओं को मिलने पर प्रसन्नता जताई

- **एमएनआईटी के 18वें दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल ने भी शिरकत की और कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही ''युवा नीति-2024'' लाएगी।**
- **राष्ट्रपति मुर्मू ने समारोह में 805 स्नातक, 477 स्नातकोत्तर, 79 पी.एच.डी. विद्यार्थियों को डिग्री दी तथा नए बने छात्रावास का लोकार्पण भी किया।**
- **एम.एन.आई.टी. के निदेशक प्रो. एन.पी. पाढ़ी ने संस्था का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि संस्था को शोध व अनुसंधान में 15 पेटेंट मिल चुके हैं।**

जयपुर, 18 सितम्बर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को एम.एन.आई.टी. के 18 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश विश्वभर में अग्रणी बने। इसके लिए प्रौद्योगिकी संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें। उन्होंने राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण संस्थाओं को शोध अनुसंधान में मौलिक दृष्टि रखते हुए कार्य करने, पर्यावरण अनुकूल तकनीक अपनाने और विकसित भारत की संकल्पना के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का आ ान किया। समारोह में 20 में से 12 स्वर्ण पदक छात्राओं को मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि लड़कियां आगे बढ़ती हैं तो देश तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने संस्थान की फैकल्टी में एक तिहाई महिलाएं होने को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि देश के प्रौद्योगिकी संस्थानों को नेशनल इंस्टीट्यूट के रूप में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा दिया गया है, ताकि इनके जरिए भारत तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़े।

राष्ट्रपति ने समारोह में 805 स्नातक, 477 स्नातकोत्तर और 79 पीएचडी विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की और 20 स्वर्ण पदक प्रदान किए। उन्होंने छात्रों के लिए निर्मित अरावली छात्रावास का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ''विकसित भारत 2047'' की जो संकल्पना संजोई है, उसका मूल आधार यही है कि देश सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास की ओर आगे बढ़े। इसमें युवाओं की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। बागडे ने एम.एन.आई.टी. में ''आर्टिफिशल इंटैलिजेंस'' विभाग की स्थापना की सराहना की तथा कहा कि युवा टेक्नोक्रेट्स के लिए आने वाले समय में इससे महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकेंगे।

समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रही है। राज्य सरकार द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए युवा नीति-2024 तथा कौशल क्षमता विकास के लिए नई स्टेट स्किल पॉलिसी लाई जा रही है, जिससे युवाओं की प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो सके।

शर्मा ने कहा कि युवाओं को स्टार्टअप स्थापित करने तथा उनमें उद्यिमता बढ़ाने के लिए अटल एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है, जिसके माध्यम से युवाओं को देश-विदेश के उत्कृष्ट सीईओ का मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही, इसके तहत चयनित स्टार्टअप्स को 10 करोड़ रूपए तक की फंडिंग भी उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर, भरतपुर, बीकानेर और उदयपुर में एक हजार करोड़ रूपए की लागत से अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सीलरेटर्स स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हो सकें।

एम.एन.आई.टी. के निदेशक प्रो. एन. पी. पाढ़ी ने संस्था का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि संस्थान को शोध और अनुसंधान में 15 पेटेंट मिले हैं।

## 1960-61 में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रदर्शन को बल मिला। वर्ष 2023-24 में तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध, तेलंगाना और केरल का देश की जी.डी.पी. में योगदान 30 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट बताती है कि 1991 से पहले तक दक्षिणी राज्यों का खास योगदान नहीं था। उदारीकरण के बाद इन राज्यों ने तेजी से विकास किया इसके अलावा इन राज्यों की प्रतिव्यक्ति आय 1991 के बाद से राष्ट्रीय औसत से भी आगे निकल गई है। दक्षिणी राज्यों के अलावा रिपोर्ट में दिल्ली व हरियाणा का भी उल्लेख है, दिल्ली व हरियाणा ने भी अच्छी इकोनॉमिक ग्रोथ प्रदर्शित की है। पूरे अध्ययन काल में दिल्ली की प्रतिव्यक्ति आय सर्वाधिक रही।

पेपर कहता है कि समुद्र किनारे वाले राज्यों ने सभी से बेहतर प्रदर्शन रहा जिसने अपवाद सिर्फ पश्चिम बंगाल है। वहीं बिहार की आर्थिक स्थिति गत दो दशकों में स्थिर रही है। हालांकि यह कई राज्यों से पीछे है। हमेशा कमी दर्शाने वाले ओडिशा की दशा में भी उल्लेखनीय सुधार आया है। यह अध्ययन 1960-61 से 2023-24 के डेटा पर आधारित है। इससे पता लगता है कि समय-समय पर विभिन्न राज्यों ने राष्ट्रीय व राज्यों की नीतियों पर कैसी प्रतिक्रिया दी।

## ''एक राष्ट्र...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पर देश भर में चर्चा कराने का भी सुझाव दिया। एक कैबिनेट प्रैस रिलीज के अनुसार 1951 से 1967 तक एक साथ चुनाव होते थे। कोविंद कमेटी की रिपोर्ट ऑनलाइन भी उपलब्ध है।

## देश की जी.डी.पी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

1960-61 से 2023-24'' के अनुसार, प्रतिव्यक्ति आय को लेकर, कर्नाटक देश में तीसरे स्थान पर है। यह रिपोर्ट दर्शाती है कि कर्नाटक में एक व्यक्ति की औसत आय, राष्ट्रीय औसत आय से 81 प्रतिशत अधिक है। एक तथ्य यह भी है कि राष्ट्रीय जी.डी.पी. में कर्नाटक का योगदान 8.2 प्रतिशत है।

आई.टी. के बाद, कर्नाटक स्पेस टेक्नोलोजी के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है तथा स्किल एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर में भौतिक तथा मानवीय स्तर पर सामंजस्य बिठा रहा है। इस प्रकार, कर्नाटक स्पेस टेक्नॉलॉजी के प्रयासों में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है तथा इस तेजी से उभरते उद्योग पर फोकस कर रहा है।

कर्नाटक में विपक्षी कांग्रेस की सरकार होने के कारण, केन्द्र के कथित सौतेली माँ जैसे व्यवहार की अनदेखी करते हुए, कर्नाटक के पास स्पेस टेक्नॉलॉजी से अतिरिक्त आर्थिक लाभ सृजित करने के क्षेत्र में बड़ा योगदान देने वाली महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। भारत का लक्ष्य है कि यह क्षेत्र स्पेस टेक्नॉलॉजी से आर्थिक कीमत के रूप में 17 अरब डॉलर से अधिक राशि अर्जित करे।

एक विशेषज्ञ का कहना है, ''हमारा लक्ष्य राष्ट्रीय बाजार के अपने 40 प्रतिशत हिस्से को बढ़ाकर आर्थिक मूल्य के रूप में 17 अरब डॉलर पैदा करें।''

इन प्रयासों को पूर्णता की ओर ले जाते हुए, कर्नाटक स्पेस टेक्नॉलॉजीज़ के लिए एक ''सेन्टर ऑफ एक्सीलैंस'' स्थापित कर रहा है, जिससे नई तकनीकें विकसित हो सकें तथा स्टार्टअप्स एवं उद्यमों के लिए संसाधन उपलब्ध हो सकें। यह पहल उस बहुत बड़ी रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नई सुविधाओं और शैक्षिक सहयोगों के जरिए एयरोस्पेस तथा डिफेंस-मैन्यूफैक्चरिंग को बड़ा रूप देना है। उल्लेखनीय है कि शैक्षणिक सहयोग के फलस्वरूप इस बढ़ते हुए क्षेत्र के लिए कुशल कर्मचारी तैयार हो सकेंगे।

कर्नाटक के स्पेस टेक्नॉलॉजी सेक्टर की उत्तरोत्तर बढ़ रहीं क्षमताओं के प्रमाण के रूप में, बैंगलुरू स्थित स्टार्टअप ''पिक्सल'' को हाल ही में नासा के साथ एक अतिमहत्वपूर्ण कॉन्ट्रैक्ट मिला है। यह कॉन्ट्रैक्ट सेटेलाइट डाटा एक्विजिशन प्रोग्राम का हिस्सा है।

## जोधपुर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पुलिस ने आरोपी नाबालिग को डिटेन कर बाल सुधारगृह भिजवा दिया है। शुरूआती जांच में सामने आया कि आरोपी को मोबाइल पर अश्लील वीडियो देखने की आदत है। मासूम से रेप से पहले भी उसने ऐसे ही वीडियो देखे थे।

एम.डी.एम. हॉस्पिटल के डॉ. सुरेंद्र कुमार ने कहा, मोबाइल पर वीडियो कंटेंट का कोई भी दायरा नहीं रहा है। दो साल की उम्र से बच्चे मोबाइल देखने के आदी हो रहे हैं। ऐसे में बच्चों की मानसिकता को बदल रही है।

पुलिस निरीक्षक ने बताया कि गांव में 8 साल की लड़की और 12 साल का लड़का चोर सिपाही का गेम खेल रहे थे। लड़के ने मोबाइल पर एक गंदी साइट पर अश्लील हरकतें देखकर बच्ची से दुर्व्यवहार कर डाला।

## जलेब चौक पर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चौकीदार नियुक्त कर दिए, ताकि निगम मौके पर कब्जा न कर सके। दावे में गुहार की गई कि निगम को पाबंद किया जाए कि वह मौके पर कब्जा न करे और उन्हें बेदखल नहीं करे।

इसके विरोध में निगम की ओर से कहा गया कि राजघराने के लोगों ने कानूनी पेचीदगियों से बचने के लिए ट्रस्ट का गठन किया है। जलेब चौक की खाली जमीन का उपयोग करने का अधिकार ट्रस्ट को नहीं है। जयपुर रियासत के राज्य सरकार में विलय के समय इसका सरकारी उपयोग करने के लिए कब्जा सरकार को दिया गया था।

वहीं कोवनांट के आधार पर सरकार ही इसकी सार-संभाल कर रही है।

दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने ट्रस्ट के दावे को खारिज कर दिया है। दूसरी ओर इस आदेश को ट्रस्ट की ओर से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है, जिस पर अदालत गुरुवार को सुनवाई करेगी।

# अरावली के पहाड़ पर खनन, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

जयपुर, 18 सितंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने जोबनेर के मेहस्वास गांव में अरावली पर्वतमाला में आने वाले गैर मुमकिन पहाड़ पर खनन को लेकर मुख्य सचिव, प्रमुख खान सचिव और खान निदेशक सहित अन्य से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश उम्मीद सेवा संस्थान की जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने अदालत को बताया कि जोबनेर के मेहस्वास गांव में अरावली पर्वतमाला के अंतर्गत गैर मुमकिन पहाड़ आता है। राज्य सरकार ने यहां खनन की अनुमति दी है। जबकि अरावली के अन्तर्गत आने के कारण यहां खनन की अनुमति नहीं दी जा सकती। इस गैर मुमकिन पहाड़ में गैर मुमकिन नदी का हिस्सा भी आता है। याचिका में आरोप लगाया गया कि खनन माफिया ने सरकारी अधिकारियों से मिलीभगत कर पूरे 125 हेक्टेयर के पहाड़ का दोहन कर लिया है और अब यह समाप्त होने की कगार पर है। खनन माफिया तय क्षेत्र से अतिरिक्त स्थान पर भी खनन कार्य कर रहा है। खनन के दौरान विस्फोटकों का भी उपयोग किया जाता है। याचिका में गुहार की गई है कि यहां खनन कार्य रोका जाए और खननकर्ताओं से भारी पेनल्टी वसूली जाए।

मामले पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने जोबनेर के मेहस्वास गांव में अरावली पर्वतमाला में आने वाले गैर मुमकिन पहाड़ पर खनन के लिए मुख्य सचिव, प्रमुख खान सचिव आदि को नोटिस भेजा है।**

# क्लेम अपील में पिता-पुत्र की उम्र में मात्र 6 साल का अंतर

- **हाईकोर्ट ने इसे गंभीर मानकर प्रदेश के सभी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरणों को निर्देश दिए हैं कि क्लेम याचिका पेश होते ही दावेदारों और मृतक की उम्र सुनिश्चित करें।**

जयपुर, 18 सितंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने मोटर दुर्घटना की क्लेम अपील में पिता-पुत्र की उम्र में सिर्फ छह साल का अंतर बताने को गंभीरता से लिया है। अदालत ने प्रदेश के सभी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरणों को निर्देश दिए हैं कि वे क्लेम याचिका पेश होते समय ही दावेदारों और मृतक आदि के उम्र व जन्मतिथि से संबंधित आधार कार्ड के अतिरिक्त दुर्घटना से पूर्व का कोई एक दस्तावेज पेश करना सुनिश्चित करें। यदि ऐसे दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं तो दावेदारों से इस संबंध में शपथ पत्र लें। यदि वांछित दस्तावेज पेश नहीं किए जाएं तो क्लेम याचिका को खारिज किया जा सकता है।

अदालत ने यह भी कहा कि लंबित क्लेम याचिकाओं में भी अधिकरण जरूरी समझे तो इस संबंध में निर्देश दे सकता है। जस्टिस उमाशंकर व्यास की एकलपीठ ने यह आदेश डूंगाराम व अन्य की क्लेम याचिका को वापस लेने के आधार पर खारिज करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि अधिक क्लेम राशि लेने के लिए दुर्घटना के बाद मृतक या घायल के दस्तावेजों में जानबूझकर उम्र कम लिखाई जाती है। ऐसे में आश्रितों की उम्र को समायोजित कर वास्तविकता से कम लिखते हैं। जिससे भ्रष्ट आचरण को प्रोत्साहन मिलता है। इस मामले में पिता-पुत्र में छह साल का अंतर बताया गया है। ऐसे में सिर्फ छह साल की उम्र में पिता बनना असंभव है।

मामले के अनुसार एम.ए.सी.टी. कोर्ट संख्या 2 जयपुर द्वितीय, ने 7 अगस्त, 2020 को अपीलार्थी डूंगाराम की पत्नी पार्वती देवी की दुर्घटना में मौत होने पर 7.71 लाख रुपए बीमा कंपनी को अदा करने को कहा था। इस आदेश के खिलाफ डूंगाराम व उसके पुत्रों ने हाईकोर्ट में अपील की थी। सुनवाई के दौरान अदालत की जानकारी में आया कि मृतका की उम्र 45 साल और उसके पति डूंगाराम की आयु चालीस साल बताई गई है। जबकि बेटे प्रदीप की उम्र 34 साल दर्शाई गई। अदालत की ओर से उम्र संबंधी अनियमिता पकड़ने पर अपीलार्थी ने इस अपील को वापस लेने की अनुमति मांगी। इस पर अदालत ने अपील को खारिज करते हुए सभी दुर्घटना अधिकरणों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं।

# नये कानूनों के तहत 5.5 लाख प्राथमिकी दर्ज हुई

नयी दिल्ली, 18 सितम्बर। देश में नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद साढ़े पांच लाख से अधिक प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं और आठ लाख से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने के मौके पर बताया कि, एक जुलाई को भारतीय न्याय संहिता लागू किये जाने के बाद से तीन सितंबर तक कुल 5 लाख 56 हजार प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं।

उन्होंने बताया कि पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो, राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा नियमित प्रशिक्षण और वेबिनार के माध्यम से 8 लाख से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

# भारत-म्यांमार सीमा पर 31 हजार करोड़ रूपये की बाड़ लगेगी

- **सरकार ने भारत-म्यांमार सीमा पर मुक्त आवाजाही व्यवस्था समाप्त कर दी है।**
- **सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 1610 किलोमीटर लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने की स्वीकृति दी है।**

नयी दिल्ली, 18 सितम्बर। मणिपुर में जल्द से जल्द शांति बहाली के लिए सरकार मैतेई तथा कुकी, दोनों समुदायों के साथ लगातार बात कर रही है और खुद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य में सुरक्षा स्थिति की नियमित समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, सरकार ने भारत-म्यांमार सीमा पर मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को समाप्त कर दिया है।

सूत्रों ने बताया कि केन्द्र सरकार ने पिछले सौ दिनों के दौरान मणिपुर में शांति बहाली एवं सुरक्षा के संबंध में अनेक विशेष कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने लगभग 31 हजार करोड़ रुपये की लागत से भारत-म्यामांर के बीच 1610 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने और सीमा सड़कों के निर्माण के काम को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है। मोरेह के ऊपर लगभग 10 किलोमीटर की सीमा पर बाड़ लगा दी गई है और मणिपुर में अन्यत्र 21 किलोमीटर की सीमा पर बाड़ लगाने का काम चल रहा है।

मणिपुर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की दो बटालियनों को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त वहां केन्द्रीय पुलिस बलों की लगभग 200 कंपनियां तैनात है।

मणिपुर सरकार ने आम लोगों को उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए 25 दुकानें तथा मोबाइल वैन चालू की हैं। ये दुकानें और मोबाइल वैन मणिपुर के सभी जिलों में कार्य कर रही हैं।

एक नई पहल के तहत, मणिपुर के लोगों को उचित मूल्य पर वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए केन्द्रीय पुलिस कल्याण केन्द्र आम लोगों के लिए खोले गए हैं। इस क्रम में 21 मौजूदा केन्द्रों के अलावा 16 नए केन्द्र भी खोले जा रहे हैं। इन 16 नए केन्द्रों में से आठ घाटी में होंगे और शेष आठ पहाड़ी इलाकों में होंगे।

## ''वन नेशन, एक इलैक्शन'' ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रबल सम्भावना रहेगी। लेकिन, इस समय इस मुद्दे को सामने लाकर, भाजपा यह सपना सँजो रही है कि वह राजनैतिक माहौल को एक बार फिर से अपने पक्ष में कर लेगी।

भाजपा के थिंक टैंक के अनुसार, ओ.एन.ओ.ई. विपक्ष द्वारा की जा रही जातिगत जनगणना की वकालत के खिलाफ एक कारगर हथियार साबित हो सकता है। मोदी के पहले दो कार्यकालों की स्थिति के विपरीत, इस समय राष्ट्रीय राजनैतिक एजेंडा तैयार करने का काम एक प्रकार से विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी कर रहे हैं। ओ.एन.ओ.ई. के सहारे, भाजपा राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने वाले ट्रेंड की जगह पर पुनः प्रतिष्ठित होना चाह रही है। लेकिन मूल चुनौती यह है कि ओ.एन.ओ.ई. भाजपा की ''केन्द्रीयकृत एवं अधिनायकवादी राजनीति'' के खिलाफ विपक्ष के प्रचार-अभियान को और ज्यादा सशक्त बना देगा। विपक्षी नेताओं की ओर से कड़े विरोधी स्वरों की शुरुआत हो ही चुकी है। विपक्ष ओ.एन.ओ.ई. को भाजपा की एक ऐसी रणनीति के रूप में प्रस्तुत कर रहा है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजनीति पर एकल पार्टी प्रभुत्व स्थापित करना है। विपक्षी नेताओं का कहना है कि ओ.एन.ओ.ई. से संघवाद की भावना का अतिक्रमण होगा तथा यह नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों को भी कमजोर कर देगा। अगर तथा जब कभी ओ.एन.ओ.ई. लागू होगा, कुछ राज्य सरकारों को, उन्हें संविधान-प्रदत्त पाँच साल के कार्यकाल का कुछ बाकी बचा हिस्सा छोड़ना पड़ेगा। यह सम्भव दिखाई नहीं देता कि इन राज्यों के मुख्यमंत्री, खासतौर से वहाँ विपक्ष की सरकार होने की स्थिति में, अपने कार्यकाल के बकाया हिस्से की कुर्बानी देने के लिए तैयार हो जायेंगे।

# राहुल पर भाजपा नेताओं की टिप्पणीः कांग्रेस ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी

नयी दिल्ली, 18 सितम्बर। कांग्रेस तथा उसके घटक संगठनों ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ की गई टिप्पणियों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। कांग्रेस, भाजपा के नेताओं के बयान के खिलाफ सुबह से लामबद्ध है और पार्टी नेताओं ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। एनएसयूआई ने इसके विरुद्ध मार्च किया और चारों भाजपा नेताओं का पुतला फूंका। कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने गांधी के खिलाफ टिप्पणी करने वाले चार नेताओं के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज की है।

# केजरीवाल सभी सरकारी सुविधायें छोड़ेंगे

- **आप पार्टी प्रवक्ता ने कहा, और नेता पद छोड़ने के बाद वर्षों सुविधायें भोगते हैं, पर केजरीवाल ऐसा नहीं करेंगे।**

नयी दिल्ली, 18 सितंबर। आम आदमी पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अरविंद केजरीवाल ने सभी सरकारी सुविधाओं का त्याग करने का फैसला किया है।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। केजरीवाल ने दिल्ली की जनता के लिए अनेकों काम किए। दिल्ली के लोग पूछ रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देने की जरूरत क्या थी?

सिंह ने कहा कि दिल्ली और देश के लोग देख रहे हैं कि पिछले दो साल से भाजपा लगातार अरविंद केजरीवाल को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। भाजपा ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के झूठे आरोप खड़े किए, जबकि एक रुपए का अभी तक सबूत नहीं मिला है। केजरीवाल ने अपनी ईमानदारी और सच्चाई से यहां तक का सफर तय किया है और ईमानदारी से दिल्लीवालों की सेवा की है।

आप नेता ने कहा कि इस्तीफा देने के बाद केजरीवाल ने तय किया कि, मुख्यमंत्री को मिलने वाली सारी सुविधाएं वे छोड़ देंगे। बाकी नेताओं को भी हमने देखा है कि अगर वे किसी पद पर पहुंच गए और सुविधा मिल गई तो पद छोड़ने के बाद भी उन सुविधाओं को पाने के लिए सालों तक लड़ाई लड़ते हैं।

सरकारी आवास से चिपके रहते हैं, लेकिन केजरीवाल ने अपना सरकारी आवास खाली करने का फैसला लिया है। अरविंद केजरीवाल 15 दिन के अंदर सरकारी आवास खाली कर देंगे।

सिंह ने कहा कि केजरीवाल जनता की अदालत में जाएंगे और हमें पूरा भरोसा है कि जनता की अदालत से प्रचंड बहुमत से अपनी ईमानदारी का प्रमाण पत्र लेकर आएंगे।

अरविंद केजरीवाल हिन्दुस्तान के इतिहास में पहले नेता हैं, जो सीना ठोक कर कह रहे हैं कि अगर मैं ईमानदार हूं तो वोट देना, ईमानदार नहीं हूं तो वोट मत देना। अरविंद केजरीवाल अपनी ईमानदारी और सच्चाई पर वोट मांग रहे हैं।

## आतिशी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जब केजरीवाल ने, आगामी विधानसभा चुनाव से पहले ही, एक रणनैतिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

केजरीवाल तथा मनीष सिसोदिया की निकटस्थ सहयोगी रहीं आतिशी ने मुख्यमन्त्री के रूप मे केजरीवाल को वापस लाने का संकल्प लिया है। उन्हें 26-27 सितम्बर को आहूत होने वाले दिल्ली विधानसभा के सत्र में अपनी सरकार का बहुमत सिद्ध करना होगा।

सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत करने के बाद, आतिशी ने दिल्ली के नागरिकों के हितों के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने केजरीवाल का बचाव करते हुए, उन पर लगाये गए भ्रष्टाचार के आरोपों को झूठा बताया तथा उन्हें अनुचित तरीके से निशाना बचाने के लिए केन्द्र सरकार की एजेंसियों की आलोचना की।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908

# शाहपुरा में गणपति पांडाल में अपशिष्ट डालने से माहौल गर्माया

## मौके पर पहुंचे लोगों ने आक्रोश जताया और युवाओं ने बाजार बंद करवा दिये


गणपति पांडाल में अपशिष्ट डालने के मामले को लेकर हिंदू संगठन व कस्बेवासियों ने प्रदर्शन किया।

- सूचना पर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और पड़े अपशिष्ट को हटवा दिया
- 'अन्य पशु (कुत्ते) द्वारा अपशिष्ट को पांडाल में लाना सामने आया दिखाई पड़ता है'


शाहपुरा/भीलवाड़ा, (निसं)। शाहपुरा कस्बा स्थित चमुना बावड़ी पर गणेश महोत्सव का आयोजन हुआ। प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद गणपति पांडाल में गत देर रात्रि अज्ञात असामाजिक तत्वों ने जानवर का सिर और पैर काटकर फेंक दिए, जिसकी वजह से शाहपुरा में सुबह आक्रोश की स्थिति हो गई। मौके पर पहुंचे लोगों कने आक्रोश जताया और युवाओं ने बाजार बंद करवा दिये।

सूचना मिलते ही नगर परिषद सभापति रघुनंदन सोनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा, हिंदू जागरण मंच के हनुमान धाकड़, विश्व हिंदू परिषद के कैलाश धाकड़, युवा मोर्चा के पवन सुखवाल, श्री राम मंदिर के महंत सीताराम बाबा सहित बड़ी मात्रा में लोग चमुना बावड़ी पर एकत्रित हो गये। सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और पड़े अपशिष्ट को पुलिस ने हटवा दिया इससे नाराज युवाओं ने बाजार बंद करा दिये। नगर परिषद सभापति रघुनंदन सोनी ने बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा जानवर का सिर और पैर गणपति पंडाल के अंदर फेंक कर शाहपुरा का सौहार्द व माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया है जो निंदनीय है। इस पर पुलिस से तुरंत कार्रवाई करने की मांग की गई है।

शाहपुरा डिप्टी रमेश तिवारी का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज, गोपनीय सूचना संकलन से अभी तक किसी व्यक्ति द्वारा अवशेष गिराने के कोई साक्ष्य नहीं मिले है, अपितु अन्य पशु (कुत्ते) द्वारा अपशिष्ट को पांडाल में लाना सामने आया दिखाई पड़ता है। पुलिस इस संदर्भ में कुछ व्यक्तियों को बुलाकर जानकारी हासिल कर रही है। इस मामले में पुलिस को मिले अहम सबूतों व इस घटना से जुड़ी कड़ियों को जोड़ते हुए कुछ व्यक्तियों द्वारा दी गई अहम जानकारी का भी पुलिस वीडियो वायरल कर रही है। इस वीडियो को देख लोग पुलिस की इस कार्रवाई से संतुष्ट नजर नहीं दिखाई दिए। देर शाम तक मामले पर सहमति नहीं बन पाई। इस दौरान भारी तादात में शाहपुरा के नगरवासी, हिंदू संगठनो के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# फर्जी नंबर लगे ट्रक में हो रही गायों की तस्करी पकड़ी

## तीस गौवंश को रस्सियों से बांध रखा था, गौरक्षकों व पुलिस को देखकर भागे तस्कर


सिंघाना थाना इलाके में गौ तस्करी का मामला सामने आने पर पुलिस पहुंची।

- गौरक्षकों ने एक तस्कर को पकड़ लिया था, कुछ देर बाद महिलाएं आईं और छुड़ा ले गई

खेतड़ी, (निसं)। सिंघाना थाना इलाके में गौ तस्करी का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पर गौरक्षक व पुलिस मौके पर पहुंची तो गौ तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने मौके से एक फर्जी नंबर का ट्रक जब्त किया है।

एएसआई विद्याधर शर्मा ने बताया कि देर रात को गौरक्षकों की ओर से सूचना दी कि थाना क्षेत्र के ढाढोत पंचायत की सुबेदार की ढाणी के मंदिर के पीछे कुछ लोग गायों को बांधकर पटक रखा है तथा उन्हें ट्रक में डालकर ले जाया जाएगा। इस दौरान जब वह मौके पर पहुंचे तो करीब तीस गौवंश को रस्सियों से बांध रखा था। गौ रक्षकों की टीम पहुंची तो तस्कर मौके से भाग निकले। गौ रक्षा दल राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष राजू सिंह ने पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया कि फोन पर गौ तस्करों द्वारा गायों को ट्रक में भरकर मेवात ले जाने की सूचना मिली। सूचना पर मौके पर पहुंच कर देखा तो तीस गायों को रस्सियों से बांधकर मंदिर के पास एक मैदान में इकट्ठी कर रखी थी। गौ रक्षा दल की टीम को देख तस्कर फरार हो गए। इस दौरान गौरक्षकों ने उनमें से एक को पकड़ लिया था, लेकिन कुछ देर बाद महिलाएं आईं और उसे छुड़ा ले गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एक ट्रक को जब्त किया है। जिसके नंबर फर्जी पाए गए है। गौरक्षकों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से गौ तस्करी के मामले सामने आ रहे है। उनके द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। वहीं पुलिस की ओर से भी प्रभावी गश्त कर गौ तस्करी करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए।

इस संबंध में एएसआई विद्याधर शर्मा ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक फर्जी नंबर ट्रक को जब्त कर लिया गया है, जिसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं गौ तस्करी के मामले की जांच की जा रही है।

# पेड़ पर लटका मिला हत्या के आरोपी का शव

डूंगरपुर, (निसं)। हत्या के मामले में जेल से जमानत पर छूटकर आए व्यक्ति का शव पेड़ से फंदे से लटका मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस मामले को लेकर जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना डूंगरपुर के रामसागडा थाना क्षेत्र के गामडी अहाडा बस स्टैंड की है। एक पेड़ से युवक का शव लटका मिलने के बाद सनसनी फैल गई। युवक महीने भर पहले ही जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आया था। वह हत्या के केस में आरोपी है। आरोपी अपनी दूसरी पत्नी के साथ रहता था। शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है। रामसागडा थाना पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह उन्हें गामडी अहाडा से गेंगेश्वर महादेव मंदिर जाने वाले रोड पर एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ होने की सूचना मिली। सूचना पर रामसागडा थाने से एएसआई नटवरलाल, गिरिराज सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक का शव नीम के पेड़ पर फंदे से लटका हुआ था। पुलिस ने लोगों की सहायता से शव को नीचे उतराकर डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान जीवनलाल पटेल के रूप में हुई है। मृतक डेढ साल पहले बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के व्याली में छगन पटेल की हत्या के केस में आरोपी था। वह महीने भर पहले ही जेल से जमानत पर छूटकर आया था। इसके बाद वह अपनी दूसरी पत्नी और बेटे के साथ गामडी अहाडा में रहता था, जबकि पहली पत्नी कनबा में रहती है।

# टोडाभीम थानाधिकारी को बहाल करने की मांग

- सरपंचों ने कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा

गंगापुर सिटी, (निसं)। टोडाभीम में गत दिनों अतिक्रमण हटाने के मामले में हुए विवाद के बाद टोडाभीम थानाधिकारी को लाइन हाजिर करने का विरोध मुखर होने लगा है। इस संबंध में सरपंच संघ टोडाभीम के अध्यक्ष राकेश मीणा के नेतृत्व में सरपंचों ने थानाधिकारी को बहाल करने की मांग करते हुए बुधवार को कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी और एसपी सुजीत शंकर को ज्ञापन सौंपा है।

सरपंचों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को सरपंच संघ टोडाभीम के अध्यक्ष राकेश मीणा के नेतृत्व में गंगापुर सिटी कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान सरपंचों ने गत दिनों टोडाभीम में अतिक्रमण हटाने के मामले में हुए विवाद के बाद टोडाभीम थानाधिकारी दिलीप वर्मा को दबाव में लाइन जाहिर करने का विरोध किया। सरपंचों ने बताया कि 12 सितंबर को ग्राम नांद तहसील टोडाभीम में उपखंड अधिकारी सुनीता मीना के द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर ग्रामीणों व उपखण्ड अधिकारी के मध्य किसी बात को लेकर बात विवाद हो गया था।

उस दिन उपखण्ड अधिकारी द्वारा आदेश करने पर पुलिस जाब्ता उपलब्ध करवा दिया था, लेकिन इन सब के बावजूद प्रशासन अतिक्रमण नहीं हटा पाया और ग्रामीणों के विरोध के कारण बैरंग लौटना पड़ा। इस पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मियों का निलंबन, लाइन हाजिर और नोटिस की कार्रवाई की गई थी, जो उस समय सही थी, लेकिन इन सबके बीच टोडाभीम थानाधिकारी दिलीप वर्मा को बिना कोई पुख्ता वजह लाइन हाजिर कर दिया। सरपंचों ने बताया कि पुलिस निरीक्षक ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ है। थानाधिकारी के लाइन हाजिर करने से आमजन में भी आक्रोश है। ऐसे में थानाधिकारी को पुनः बहाल किया जाए। ज्ञापन देने वालों में संघ अध्यक्ष राकेश मीणा, ग्राम पंचायत अजीजपुर कावेरी, सरपंच दिनेश बडापुरा, पाडला खालसा सरपंच निशा देवी, खेड़ी सरपंच लखनलाल मीणा सहित दर्जो सरपंच शामिल थे।

# तस्कर से दो किलो हेरोइन बरामद

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिले के केसरीसिंहपुर इलाके में हेरोइन के साथ पकड़े गए तस्कर से पूछताछ शुरू कर दी गई है। उससे दो किलो 61 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। पकड़ा गया तस्कर गांव छह वी धनूर का रहने वाला गगनदीपसिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह है। उसे चक नौ एसबी से गिरफ्तार किया गया। गजसिंहपुर एसएचओ राकेश सांखला को जांच दी गई है। सांखला ने बताया कि आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी गई है। उससे पूछताछ में कई तथ्य समाने आने की उम्मीद है।

पकड़े गए तस्कर का पिता जोगेंद्र इससे पहले दो बार मादक पदार्थ तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। वहीं उसे पंजाब और पाकिस्तान के तस्करों के कांटेक्ट नंबर मिले। जेल से बाहर आकर उसने अपने बेटे गगनदीप का पाकिस्तानी तस्करों से संपर्क करवाया। गगनदीप का गांव बॉर्डर से महज छह किलोमीटर दूर है।

ऐसे में वह आसानी से हेरोइन मंगवा लेता और इसे तस्करों के बताए व्यक्तियों को दे देता था। एक किलो हेरोइन में से 250 ग्राम हेरोइन वह अपने पास रखता और बाकी बताए गए लोगों को सौंप देता था। अपने पास रखी हेरोइन को वह नशे के आदी लोगों को बेचता था। सीडीआर सेल को इलाके में तस्करों की एक्टिविटी की सूचना मिली थी।इस पर डीएसटी इंचार्ज रामविलास भी मौके पर पहुंच गए। केसरीसिंहपुर थाने के कार्यवाहक एसएचओ और स्टाफ ने भी जांच की तो तस्कर पकड़ में आए।

# फायरिंग में एक की मौत

राजलदेसर, (निसं)। राजलदेसर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत परसनेऊ में जेगनिया रोही में दो व्यक्तियों में अचानक झगड़ा हो गया, जिसके कारण एक व्यक्ति ने अचानक गोली चलाकर हमला कर दिया, जिसके चलते 35 वर्षीय राम सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मय जाप्ते के साथ मौके पर पहुंची व रतनगढ़ पुलिस उप अधीक्षक अनिल पुरोहित भी घटना स्थल पर जानकारी जुटाने में लगे हुये हैं। पुलिस उप अधीक्षक अनिल पुरोहित ने बताया कि परसनेऊ गांव में दो व्यक्ति रामूराम मेघवाल, लीछमाणराम अवैध रूप से टोपीदार बंदूक लेकर घूम रहे थे। रामसिंह ने उनको टोकाटाकी की तो आपस में कहासुनी हो गयी। अचानक रामूराम ने फायरिंग कर दी जिस के चलते रामसिंह की मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

# चोपदार ने रंधावा से मुलाकात की


एमडी चोपदार ने सासंद सुखजिंदर सिंह रंधावा से मुलाकात की।

झुंझुनूं। झुंझुनूं के वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेस नेता राजस्थान मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार ने जयपुर में राजस्थान कांग्रेस प्रभारी एवं सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा से मुलाकात कर उनका सम्मान किया व झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस की टिकट पर दावेदारी जताई।

एमडी चोपदार ने सुखजिंदर रंधावा को बताया कि आजादी से लेकर आज तक अल्पसंख्यक समुदाय को झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र से नेतृत्व करने का मौका नहीं दिया गया है। यह उचित समय है जब अल्पसंख्यक समाज को नेतृत्व करने का मौका कांग्रेस द्वारा दिया जाए। एमडी चोपदार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें मदरसा बोर्ड चेयरमैन की जो जिम्मेदारी मिली थी, उसके माध्यम से उन्होंने राजस्थानभर के अल्पसंख्यक समाज को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का काम किया है और झुंझुनूं विधानसभा के 36 बिरादरी के लोग उनके साथ है।

# ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

गंगापुर सिटी, (निसं)। अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक का शव बुधवार को दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन के पास हिंडौन रेलवे ओवरब्रिज के पास मिला। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त के लिए मॉर्च्युरी में रखवाया। थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि उन्हें बुधवार सुबह सूचना मिली थी कि गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पर गंगापुर सिटी शहर में ही हिंडौन रेलवे ओवरब्रिज के पास एक युवक ट्रेन से कट गया है। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि युवक की उम्र करीब 35 वर्ष है और ट्रेन की चपेट में आने से उसकी गर्दन शरीर से अलग हो गई, जिसके कारण उसी दर्दनाक मौत हो गई। युवक ने नीले-आसमानी रंग की अंडरवियर पहनी है।

# कोटा में डॉक्टर की बेटी ने आत्महत्या की

## मल्टीस्टोरी बिल्डिंग की 12वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। कोटा में डॉक्टर की बेटी ने 12वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। वह 12वीं कॉमर्स की स्टूडेंट थी। पिता के साथ वह मंगलवार को अपने मौसी की घर गई थी, जहां यह हादसा हो गया।

जवाहर नगर थाने के सीआई हरिनारायण शर्मा ने बताया कि जिया खंडेलवाल (19) छावनी, कोटा की रहने वाली थी। वह दो बहनों में बड़ी थी। रिया के पिता डॉ. नितिन खंडेलवाल का शहर में नर्सिंग होम है। जिया की मौसी राजीव गांधी नगर स्थित ट्राईपोलिस बिल्डिंग में रहती है। मंगलवार शाम करीब सात बजे डॉ. नितिन अपनी बेटी जिया को उसकी मौसी के घर की मल्टीस्टोरी बिल्डिंग के नीचे छोड़कर चले गए थे। उसकी मौसी बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर पर रहती है। जिया मौसी के घर नहीं गई और बिल्डिंग से कूदकर सुसाइड कर लिया। वह ऊंचाई से गार्डन में जाकर गिरी। मौके पर मौजूद लोग उसे हॉस्पिटल लेकर गए और पुलिस को सूचना दी।

डीएसपी राजेश टेलर ने बताया कि क्राइम सीन के अनुसार युवती 12वें माले से कूदी है। युवती ने डिप्रेशन के चलते सुसाइड किया है। परिजनों से बातचीत के बाद ही आत्महत्या का कारण सामने आएगा।

# नकबजनी का आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)। जिले के पाटिया थाना पुलिस ने नकबजनी गैंग का खुलासा करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से लाखों के जेवरात बरामद किए। प्रकरण के अनुसार 8 सितंबर को पीड़ित मणीलाल पुत्र कन्हैयालाल निवासी भगोरपाड़ा थाना पाटिया ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरा दो मंजिला मकान है जहां मैं परिवार सहित रहता हूं। 7 सितंबर रात में प्रथम तल पर ताला लगा कर बाहर गया था एवं उपरी मंजिल पर पुत्र अकेला सोया था। दूसरे दिन पुत्र नीचे आया तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो लाखों के सोने- चांदी के जेवर व 10 हजार रुपये नकदी गायब थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर गठित दल ने नरेश पुत्र प्रकाश निवासी देमत थाना पाटिया को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

# पिस्टल सहित हिस्ट्रीशिटर गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)। अम्बामाता थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान हिस्ट्रीशिटर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्टल मय कारतूस जब्त किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर गठित दल ने तलाशी अभियान के दौरान आरोपी हिस्ट्रीशिटर मंजूर शाह उर्फ इमरान पुत्र इकबाल उर्फ छमक शाह निवासी फाख्र आजम कॉलोनी मल्लातलाई अम्बामाता को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक पिस्टल मय 5 कारतूस जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। आरोपी थाने का हिस्ट्रीशिटर होकर जिले के विभिन्न पुलिस थानों में उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में 21 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। पूछताछ में आरोपी ने उक्त पिस्टल व कारतूस सिकन्दर खान निवासी चिकाड़ा चित्तौड़गढ़ से कुछ समय पहले 25 हजार रुपये में खरीदना बताया। मंजूर की इमरान कुंजड़ा गैंग व अन्य लोगों से दुश्मनी के चलते पिस्टल खरीदना कर लाना बताया।

# कमरे की छत की पट्टी टूटने से मां-बेटी दबी

## सिविल डिफेंस की टीम ने लोगों की मदद से दोनों को बाहर निकाला


सिविल डिफेंस की टीम ने मां को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

करौली, (नि.सं.)। कमरे की छत की पट्टी टूटने से मां-बेटी दब गई। सिविल डिफेंस की टीम ने लोगों की मदद से पहले बेटी, मां को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मां राधा शर्मा को उपचार के लिए करौली अस्पताल में भर्ती कराया है। हालांकि मां-बेटी पूरी तरह सुरक्षित बताई जा रही है। हादसा करौली शहर के फूटाकोट के पास दुर्गा सिनेमा हॉल की गली स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में हुआ।

करौली सिविल डिफेंस प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि फूटा कोट के पास दुर्गा सिनेमा हॉल की गली में पंचमुखी महादेव और हनुमान जी का मंदिर है। मंदिर में राधा शर्मा पत्नी संजय शर्मा और पुत्री धीरज शर्मा एक कमरे में रहती है। बुधवार को दिनभर हुई रिमझिम बारिश के कारण पाटोर पोश कमरे की छत की पट्टियां गिर गईं। हादसे में कमरे में बैठी मां राधा और बेटी धीरज पट्टियों के नीचे दब गईं।घटना कि जानकारी मिलते ही सिविल डिफेंस कि टीम और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। सिविल डिफेंस, स्थानीय लोग, स्थानीय मजदूर और पुलिस की मदद से मां और बेटी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना में बेटी के मामूली खरोंच आई है, जबकि मां राधा को बेहोशी की अवस्था में करौली अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उपचार जारी है। रेस्क्यू के दौरान सिविल डिफेंस टीम इंचार्ज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुष्पेंद्र सैनी, फरमान खान, अबरार, राधेश्याम, मनीष, राजकुमार, पुष्पेंद्र जाटव, भूपेंद्र, जल सिंह, तरुण दुबे एवं कोतवाली थाने के पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# करौली सहित आसपास में फिर से बरसात हुई

करौली, (नि.सं.)। करौली सहित आसपास में बुधवार प्रातः से रुक-रुक कर रिमझिम बारिश का दौर जारी है। तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना हो गया है। मौसम विभाग ने भी आगामी दो-तीन दिन में हल्की से मध्यम बारिश और मानसूनी गतिविधियों में वृद्धि कि चेतावनी दी है। करौली शहर में बारिश ने एक बार फिर जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों की चिंता बढ़ा दी है।

बारिश से किसानों के माथे पर भी चिंता की लकीरें नजर आने लगी। ज्यादा बारिश के चलते खेतों में पानी भरने से फसलों को भी काफी मात्रा में नुकसान पहुंचा है। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय सहित जिले में इस सत्र में मानसून अत्यधिक मेहरबान रहा। जिसके चलते जिले में अब तक 1412 एमएम से अधिक बारिश हो चुकी है।


**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR**

No.NIT/2024-25/14430-40 **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 219/2024-25** Date:18.09.2024

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|
| Shifting of water supply pipeline due to "Widening & Strengthening work of Mandalnath Kaliberi Jhanwar Dhawa Road, UBN: RRC2425WSOB00446 | 300.00 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदको को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

**कार्यालय नगर निगम जोधपुर दक्षिण**
(नगर निगम भवन, पोलोटेक्निक कॉलेज परिसर, रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर)
(ceo_nnj@rediffmail.com Tel: 0291-2651464)

क्रमांक :- 8082 दिनांक :- 17/09/2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर निगम जोधपुर दक्षिण की ओर से नगर निगम के वाहनों/मशीनों के लिए मूल निर्माता कम्पनी/उनके अधिकृत विक्रेता/रजिस्टर्ड फर्मों से विभिन्न प्रकार/क्षमता की बैटरी आपूर्ति के कार्य के लिए दो वर्ष के लिए अनुभवी एवं योग्य प्रतियोगियों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें **www.eproc.rajasthan.gov.in, www.lsg.rajasthan.gov.in/mcjs** एवं **www.sppp.rajasthan.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है | **UBN No. : DLB2425GLOB08159**

आयुक्त,
नगर निगम जोधपुर दक्षिण

राज.संवाद/सी/24/5310

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम**

क्रमांकः 1328-36 दिनांकः 12/09/2024

**ई-निविदा सूचना संख्याः 06/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला गंगापुर सिटी (खण्ड टोडाभीम) में सड़क मरम्मत एवं अन्य कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के यथोचित श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

1. UBN No. PWD2425WSRC05630
2. UBN No. PWD2425WSRC05631
3. UBN No. PWD2425WSRC05632
4. UBN No. PWD2425WSRC05633
5. UBN No. PWD2425WSRC05634
6. UBN No. PWD2425WSRC05635

(के.के. मीना)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम

DIPR/C/8744/2024

**MUNICIPAL CORPORATION BHARATPUR**

Ref : MCB/Technical/2024-25/416 Date : 17/09/2024

**NOTICE INVITING E-TENDERS – 08/2024-25**

Nagar Nigam Bharatpur invites Single-stage Two Part (envelope) Online unconditional bids open competitive through www.eproc.rajasthan.gov.in in from eligible bidders any Central/state/Government/semi Government organization/ Contractors for the work of Rejuvenation of water body at Bharatpur including operation and maintenance for Five years. The document can be seen and downloaded from the website **http://sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in** Tender are to be submitted online in electronic format as per schedule given below:

**UBN No. : DLB2425WSOB08184, DLB2425WSOB08185**

| | |
|---|---|
| **Number of Work** | 02 Work |
| **Work of Cost** | 791.14 Lacs. |
| **Website http://eproc.rajasthan.gov.in on Bid Download start date and Time** | From 20.09.2024, at 10.00 AM to 17.10.2024 up to 06.00 PM |
| **Website http://eproc.rajasthan.gov.in of Bid Upload end date and time** | 17.10.2024 up to 06.00 PM |
| **Pre-bid Meeting Date and Time** | 09.10.2024 at 11.00 AM in the Municipal Corporation Bharatpur |
| **Submission of Document Physically/Tender Cost/RISL Fee UTR Slip** | 18.10.2024 up to 02.00 PM |
| **Technical Bid Opening Date and Time** | 18.10.2024 at 3.00 PM |
| **Financial Bid Opening Date and Time** | Will be intimated later to technically responsive bidders. |

Raj.Samwad/C/24/5309 **Commissioner**

# ‘मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का दायरा और अस्पतालों का नेटवर्क बढ़ेगा’

## चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने की हितधारकों के साथ चर्चा



चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना को लेकर अधिकारियों की बैठक ली।

- जल्द शुरू होगी पोर्टेबिलिटी की सुविधा, पोर्टल को भी किया जा रहा है अपडेट
- योजना को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा नियमों का सरलीकरण
- मेडिकल वैल्यू ट्रैवल पॉलिसी जल्द लाई जायेगी : गायत्री राठौड़
- प्रदेश में 1.33 करोड़ से अधिक परिवार पंजीकृत, 1700 से अधिक अस्पताल सूचीबद्ध : गोस्वामी

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का दायरा अब और बढ़ाया जाएगा। इस योजना के तहत राजकीय अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों का नेटवर्क अब गांवों तक भी उपलब्ध हो सकेगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जन-जन तक इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी से अस्पतालों का नेटवर्क बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यतानुसार नियमों में बदलाव एवं सरलीकरण किया जाए। साथ ही, योजना से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए ग्रिवांस रिड्रेसल सिस्टम को और मजबूत किया जाए।

चिकित्सा मंत्री ने यह निर्देश बुधवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक में योजना से जुड़े विभिन्न हित धारकों के साथ चर्चा के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का उन्नयन एवं विस्तार प्रतिबद्धता के साथ कर रही है। गांव-ढाणी तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं एवं जरूरतमंद लोगों को इलाज खर्च की चिंता से मुक्त करने की दिशा में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एक महत्वाकांक्षी और मानवीय पहल है। सभी हितधारक संवेदनशील सोच के साथ इस योजना का लाभ आमजन को पहुंचाएं।

खींवसर ने कहा कि इस योजना में पोर्टेबिलिटी की सुविधा जल्द शुरू की जायेगी। इससे बाहर के राज्यों के नागरिक भी इस योजना का लाभ ले सकेंगे और राजस्थान के रोगी दूसरे राज्यों में इलाज प्राप्त कर सकेंगे। इस सुविधा के लिए पोर्टल को अपडेट किया जा रहा है। यह सुविधा शुरू होने से प्रदेश में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा मिलेगा। यहां के अस्पतालों में रोगी भार बढ़ने से उन्हें अस्पताल संचालन में लाभ होगा। साथ ही, चिकित्सा के क्षेत्र में निवेश एवं रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गांव-गांव तक सुगमता पूर्वक उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में चिकित्सा विभाग मिशन मोड में काम कर रहा है। आयुष्मान आरोग्य योजना को बेहतर बनाने के लिए नियमों का सरलीकरण किया जा रहा है। राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा देने के लिए पॉलिसी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही यह नीति लाई जाएगी। साथ ही, चिकित्सा के क्षेत्र में निजी सहभागिता बढ़ाने के लिए भी नीतिगत निर्णय लिए जा रहे हैं। हमारा अंतिम लक्ष्य यही है कि राजकीय एवं निजी सहभागिता से आमजन को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों।

राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत वर्तमान में 1.33 करोड़ से अधिक परिवार पंजीकृत हैं और 1700 से अधिक अस्पताल सूचीबद्ध हैं। रोगियों को करीब 1800 पैकेज के तहत विभिन्न बीमारियों का उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना में गंभीर रोगों का उपचार भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि सम्बद्ध निजी अस्पतालों को क्लेम राशि का भुगतान निर्धारित समयावधि में किया जा रहा है। योजना को और प्रभावी एवं सभी हितधारकों के अनुकूल बनाने के लिए नियमों में आवश्यक बदलाव किया जा रहा है।

बैठक में उपस्थित विभिन्न अस्पतालों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना को जनकल्याण की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से इस योजना में लगातार सुधार हो रहा है। इसका लाभ रोगियों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में संचालित स्वास्थ्य बीमा योजना में विभिन्न पेचीदगियों के कारण करीब 45 प्रतिशत रोगियों को उपचार लेने में कठिनाई होती थी। अब इस समस्या का काफी हद तक समाधान हुआ है और रोगियों को आसानी से उपचार मिल रहा है। साथ ही, निजी अस्पतालों को क्लेम का भुगतान समय पर हो रहा है। अस्पताल एवं इंश्योरेंस कंपनियों के साथ ही चिकित्सक संगठन के प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों ने योजना को और बेहतर बनाने के संबंध में सुझाव भी दिए। बैठक में प्रदेशभर के विभिन्न अस्पतालों के संचालक, इंश्योरेंस कंपनियों के प्रतिनिधि एवं अन्य हितधारकों ने भाग लिया। इस अवसर पर राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजस्थान विवि. के गणित विभाग में स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना



**जयपुर** । राजस्थान विश्वविद्यालय के गणित विभाग में अत्याधुनिक तकनीकयुक्त स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना की गई। गणित विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी जैन ने बताया कि यह स्मार्ट क्लासरूम एक इंटरैक्टिव पैनल, डिजिटल पोडियम, हाई-स्पीड इंटरनेट और अन्य उपकरणों से सुसज्जित है, जो छात्रों को एक आकर्षक और सहयोगात्मक सीखने का अनुभव प्रदान करेगा। इस स्मार्ट क्लासरूम स्थापना यूएसए की कम्पनी पीएआर टेक्नोलॉजी के इंडिया हेड रितेश के द्वारा कम्पनी के सीएसआर प्रयासों के अंतर्गत की गयी है।

गणित विभाग का यूएसए डेलिगेशन ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में टेक्नोलॉजी की नेतृत्व टीम के प्रमुख सदस्य, जिनमें स्टीवन (सीटीओ), पॉल (चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर), जियो (वीपी प्रोडक्ट), रितेश (वीपी इंजीनियरिंग और हेड इंडिया), हितेश एवं पराग उपस्थित रहे। राजस्थान विश्वविध्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने स्मार्ट क्लासरूम स्थापना में पीएआर टेक्नोलॉजी के सीएसआर प्रयासों की सराहना की। प्रो. कटेज़ा ने कहा कि इस तरह की प्रगति छात्रों की सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं, विशेषकर डिजिटल युग में।

गणित विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी जैन ने कुलपति की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण विश्वविद्यालय की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो छात्रों को उन्नत संसाधनों के साथ उनकी शैक्षिणक यात्रा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाती है। इस यात्रा में उन्होने टेक्नोलॉजी टीम के सपोर्ट के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके सामाजिक और शैक्षिणक प्रयासों की सराहना की।

# मंजू राजपाल से मिले सहकार नेता आमेरा के नेतृत्व में यूनियन प्रतिनिधि

**जयपुर** । सहकारिता विभाग की शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार मंजू राजपाल से ऑल राजस्थान कोआपरेटिव बैंक एम्प्लाईज यूनियन व ऑफ़िसर्स एसोसिएशन के महासचिव एवं सहकारी साख समितिया एम्पलाईज यूनियन के प्रान्तीय अध्यक्ष सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा के नेतृत्व में यूनियन के शिष्टमंडल ने मुलाकात की।

आमेरा के साथ संगठन प्रतिनिधियों में अपैक्स बैंक से राकेश गुर्जर , विनोद मीणा, राजेंद्र कुमार, निधि खंडेलवाल, भूमि विकास बैंक से भँवर बोसाना, मुकेश पीपलीवाल, अमिता चौधरी, सीसीबी से मनीष गंगवाल, अनिता चंदेल कर्मचारी व अधिकारी पदाधिकारी शामिल रहे। आमेरा ने बताया कि शासन सचिव व रजिस्ट्रार के साथ प्रदेश के अल्पक़ालीन व दीर्घकालीन सहकारी साख ढाँचे की स्थिति, सहकारी बैंकिंग व्यवस्था की दशा व दिशा, सहकारी बैंकिंग में मानव संसाधन नीति की आवश्यकता, बैंक व पैक्स की मूलभूत समस्याएँ, कार्य संस्कृति, कार्मिक भर्ती, लंबित कार्मिक मुद्दों पर सौहाद्रपूर्ण वातावरण में सकारात्मकता के साथ चर्चा हुई। आमेरा ने सहकारी बैंकों को प्रतिस्पर्धात्मक बैंकिंग में नव ऋण उत्पाद, नेट बैंकिंग, डेबिट क्रेडिट कार्ड ई-सुविधाओं को शुरू करने, शाखाओं के विस्तार की ज़रूरत बताई। रजिस्ट्रार ने सहकारी बैंकों के आधुनिकीकरण करने व यूनियन के साथ वार्ता कर कार्मिक मुद्दों के समाधान पर सहमति व्यक्त की।

# पं.मोतीलाल जोशी की स्मृति में व्याख्यान और सम्मान समारोह



पंडित मोतीलाल जोशी स्मृति व्याख्यान व सम्मान समारोह में त्रैमासिक पत्रिका ‘शिक्षा कौस्तुभ’ व ‘नर्सिंग कवच’ का विमोचन किया गया।

**जयपुर** । राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ शाहपुरा बाग में संस्कृत के संरक्षण में समर्पित स्मृति शेष संस्कृत साधना शिखर पुरुष स्वर्गीय पंडित मोतीलाल जोशी की स्मृति में व्याख्यान एवं संस्कृत सुधी सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

राजस्थान संस्कृत साहित्य सम्मेलन व राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण समिति की ओर से यह कार्यक्रम रखा गया था। प्राचार्य डॉ. मनीषा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व वाग्देवी अर्चन के साथ किया। समारोह में संत रामरतन दास महाराज के सानिध्य में प्रोफेसर वेद प्रकाश शर्मा (निवृत आचार्य, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर) डॉ. मंडन शर्मा (पूर्व निदेशक संस्कृत शिक्षा), पंडित सांवरमल शर्मा (पूर्व आचार्य संस्कृत शिक्षा), प्रोफेसर मधुरेश्वर पारीक ( पूर्वाचार्य राजस्थान विश्वविद्यालय), प्रो. विनय शर्मा (पूर्वाचार्य पारीक महाविद्यालय) पं. चंद्रशेखर शर्मा एवं प्रोफेसर जानकी बल्लभ शर्मा ( पूर्व प्राध्यापक संस्कृत शिक्षा ) को संस्कृत सुधी सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संत रामरतन दास महाराज ने अपने आशीर्वचन में पं मोतीलाल जोशी को स्मरण करते हुए उन्हें युगपुरुष बताया। समारोह में संस्था प्राचार्य डॉ. मनीषा शर्मा द्वारा त्रैमासिक पत्रिका “ शिक्षा कौस्तुभ” के चतुर्थ संस्करण एवं “नर्सिंग कवच” पुस्तक का भी मंचस्थ विद्वत जनों द्वारा विमोचन करवाया गया। प्रो. वेद प्रकाश शर्मा ने “संस्कृत आयुर्वेद और स्मृति पुरुष” विषयक व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए संस्कृत और आयुर्वेद को एक दूसरे का पूरक बताया गया। पूर्व मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की जननी है एवं इस भाषा का संवर्धन करने में पं. मोतीलाल जोशी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में पं. सांवरमल शर्मा ने जोशी जी के जीवन का एक परिचय देते हुए भविष्य के लिए उनके पदचिन्हों को मार्गदर्शक बताया। प्रो. विनय शर्मा व स्वामी ज्ञानेश्वरपुरी ने ज्ञान को सर्वोपरि व वेद वेदांगो को प्रमुख स्त्रोत बताया।

## सम्मान आज

**जयपुर** (कासं)। पैरा ओलंपिक ब्रोंज मेडल विजेता मोना अग्रवाल को 19 सितंबर को अपराह्न चार बजे खातीपुरा रोड की गोदारा कॉलोनी स्थित गोदारा मैरिज गार्डन में स्वागत समारोह आयोजन किया जाएगा। एकलव्य खेल अकादमी की ओर से आयोजित सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, विशिष्ट अतिथि महापौर डॉ सौम्या गुर्जर, खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर, प्रसिद्ध एथलिट देवेंद्र सिंह झाझड़िया, वार्ड 38 के पार्षद सुमेर सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिपाल सिंह निर्वाण और महेंद्र सिंह राठौड़ करेंगे।

# शेरसिंह की महिला मित्र अनिता की संपत्ति कुर्क

## रीट पेपरलीक का मुख्य आरोपी है शेरसिंह

**जयपुर** । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) मामले में आरोपित शेर सिंह मीणा की महिला मित्र अनीता मीणा की संपत्ति कुर्क की गई। यह आदेश 12 सितम्बर 2024 को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार प्रकरण संख्या 402/21 थाना गंगापुर सिटी रीट परीक्षा के संबंध में दर्ज होकर स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) द्वारा अनुसंधान किया जा रहा हैं। जिसमे अब तक दोनों मुख्य आरोपित को शामिल कर 131 आरोपियों को गिरफ़्तार किया जा चुका हैं। ऐसे संगठित गिरोह के लोगों व उनके द्वारा अर्जित की गई संपत्ति के विरुद्ध एसओजी का चौतरफ़ा प्रहार लगातार जारी है।

# सवा लाख रु. की अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर दक्षिण(डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 508 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार जब्त की गई अफीम की बाजार कीमत सवा लाख रूपये है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत मानसरोवर थाना पुलिस और डीएसटी दक्षिण ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्कर बद्री डूडी निवासी मौजमाबाद जिला दूदू को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से सवा लाख रुपये कीमत की 508 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम और वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

# गांजा बेचने वाली महिला तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ी

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर को पकडा है और उसके पास से आधा किलो अवैध माकद पदार्थ गांजा सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपित महिला तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाली महिला तस्कर सलोनी सांसी (35) निवासी प्रतापनगर को मुखबिर की सूचना पर राणा सांगा मार्ग से गिरफ्तार कर उसके पास से आधा किलो मादक पदार्थ गांजा सहित वारदात में प्रयुक्त दुपहिया वाहन (स्कूटी) जब्त की है। आरोपित महिला से अवैध गांजे की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# “राइजिंग राजस्थान” सफल बनाने के लिए अधिकारी करें मुस्तैदी से काम : रवि जैन

## ‘पर्यटन विभाग को इस समिट के लिए सौंपे गए दायित्वों को बखूबी निभाएं’



पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 को लेकर अधिकारियों की बैठक ली।

- रवि जैन ने निर्देश दिए कि जिलों में पर्यटन इकाई के प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए कोई अनुमति की आवश्यकता है तो तुरंत सूचित करें, ताकि उसके अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए।

**जयपुर** । शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग रवि जैन की अध्यक्षता में बुधवार को पर्यटन भवन में “राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 (9 से 11 दिसम्बर) के आयोजन तथा इससे पूर्व 8 अक्टूबर को जयपुर में आयोजित होने वाली प्री-समिट की व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन के लिए पर्यटन विभाग को सौंपे गए दायित्व के निर्वहन के संबंध में बैठक आयोजित कर चर्चा की गई।

शासन सचिव सहित बैठक में पर्यटन आयुक्त विजय पाल सिंह, राजस्थान पर्यटन विकास निगम की प्रबंध निदेशक सुषमा अरोड़ा, निदेशक पुरातत्व विभाग पंकज धरेन्द्र, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन राकेश शर्मा, अतिरिक्त निदेशक आनंद त्रिपाठी संयुक्त निदेशक (निवेश) पवन कुमार जैन तथा अन्य विभागीय अधिकारी एवं जयपुर के होटेलियर्स उपस्थित रहे। इसके साथ ही बैठक में जिलों से पर्यटन अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़कर शामिल हुए।

रवि जैन ने निर्देश दिए कि उक्त आयोजन की व्यवस्थाओं का मुस्तैदी से क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान राजस्थान की कला और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने के लिए शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाए। इसके साथ समिट के दौरान आने वाले डेलिगेट्स के ठहरने की बेहतरीन व्यवस्था, बेहतरीन भोजन व्यवस्था के साथ अन्य सभी व्यवस्थाओं को उत्कृष्टता से सुनिश्चित करें और पर्यटन में अग्रणी हमारे राज्य राजस्थान के महल किले और म्यूजियम का भ्रमण करवाने की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।

रवि जैन ने राजस्थान राज्य में निवेशकों द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में नए निवेश करने लिए जिलों और राज्य स्तर पर एमओयू किए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि निवेशकों की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों से क्लियरेन्स के लिए राजस्थान का सिंगल विंडो पोर्टल, राज निवेश पोर्टल महत्वपूर्ण है। राजस्थान राज्य में निवेशकों द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में नए निवेश करने लिए राज निवेश पोर्टल पर एमओयू प्रस्ताव स्वीकार किये जा रहे हैं। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारियों को कहा कि वे अपने क्षेत्र के निवेशकों को जो एम ओ यू हेतु प्रोत्साहित किये जा सकते हैं उनकी सूची प्रेषित करें।

## सार-समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाया



**जयपुर** । जौहरी बाजार में घी वालों का रास्ता स्थित बंजी ठोलियो की धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं व स्थनीय लोगों ने ने केक काटा। इस दौरान नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा व लैंस प्रत्यारोपण शिविर भी लगाया गया। कार्यक्रम संयोजक पार्षद कुसुम यादव ने कहा कि मोदी के रूप में देश को एक सशक्त व निर्णायक नेतृत्व मिला है। उनके संकल्प व समर्पण ने देशवासियों में एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास पैदा किया है। जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मनाया गया। जिसके तहत गोल्डन आई हॉस्पिटल के द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से लगभग 450 से अधिक मरीजों की जांच की गई। कुसुम यादव ने 250 से अधिक मरीजों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किए। इस दौरान विधायक प्रत्याशी चंद्र मनोहर बटवाड़ा, पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव, जिला महामंत्री अरुण खटोड़, समाजसेवी सुदीप ठोलिया, सुनील बक्शी, शैलेश पांड्या, सम्पत जैन, प्रभात शर्मा, गुलाबचंद श्रीमाल, उमेश शर्मा, नरेश शर्मा, पिंकू शर्मा, विष्णु मीणा, अक्षय यादव, पीयूष अग्रवाल, सुभाष सेन, राजकुमार कुमावत, सिया शरण शर्मा, रॉकी जैन, राकेश शर्मा, मनीष बिवाल, सम्पत बिसला, रवि जोशी, ईश्वर गोडवानी और राज माथुर मौजूद थे।

### ए.सी.एस. सावंत से मिले जलदायकर्मी



**जयपुर** । जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए. सावंत से सचिवालय में बुधवार को प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत के नेतृत्व में जलदायकर्मियों ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने सावंत का स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित की और कर्मचारियों की लंबित मांगों पर संवाद किया। इस मौके पर संघ के प्रदेश सलाहकार रामाशंकर गुर्जर, प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष केदार शर्मा, जिला अध्यक्ष जयपुर ताराचन्द सैनी, खण्ड अध्यक्ष महेश विजय, विनोद मीणा, करण सैनी, रमेश शर्मा, उपाध्यक्ष जिला नाथूलाल वर्मा, सहित बिजली इंटक फेडरेशन के प्रदेश महामंत्री रामवतार स्वामी मौजूद थे। इस दौरान तकनीकी कर्मचारियों की लंबित मांग पर भी चर्चा की गई, जिसमें नई भर्ती, वर्कचार्ज कर्मचारियों का सवलिकरण सहित लीवरेज राशि मे बढ़ोतरी करने के बारे में बातचीत की गई। इस मौके पर मुख्य अभियंता प्रशासन दिनेश गोयल भी उपस्थित रहे।

### लाखों के जेवरात और नकदी चोरी

**जयपुर** । बस्सी इलाके में चोरों ने एक ज्वैलर्स की दुकान में सेंधमारी करते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी चुरा कर ले गए। वारदात का पता चलने पर पीड़ित ज्वैलर्स ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि शिव गोरांग कॉलोनी बस्सी निवासी शंकर लाल ने मामला दर्ज करवाया है कि सुनार मोहल्ले में उसकी जय महाकाल ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। जहां पीड़ित रात को दुकान बंद कर घर गया था। इस दौरान चोरों ने उसकी दुकान का दरवाजा हटाकर दुकान से दुकान से 2.5 किलो चांदी के जेवर, 15 ग्राम सोने की बालियां-लोंग और पचास हजार रुपये की राशि चुरा कर ले गये। अगले दिन दुकान खोलने आने पर वारदात का पता चला। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं मालपुरा गेट थाना इलाके में जेबतराश बदमाशों ने एक व्यक्ति के बैग के चीरा लगाकर रखडी निकाल फरार हो गया। वारदात का पता चलने पर पीड़िता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि जगतपुरा निवासी कानाराम बांसीवाल ने मामला दर्ज करवाया है कि मंगलवार को मोदी मार्केट सांगानेर में किसी व्यक्ति द्वारा उसके बैग के चिरा लगाकर बैग से रखी रखडी चुरा ली है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल बदमाशों की तलाश में जुटी है।

### विद्यार्थियों को भेंट की स्टेशनरी

**जयपुर** । समाजसेवी राजेंद्र मावर की चतुर्थ पुण्यतिथि पर सोडाला के अशोकपुरा स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में 125 छात्र-छात्राओं को कॉपी और स्टेशनरी भेंट की गई। लोगों ने पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी में सागर मावर ने कहा कि राजेंद्र मावर एक समाजसेवी थे। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में शोषित, पीड़ित और वंचितों के उत्थान के लिए कार्य किए। कोरोना महामारी में भी समाज सेवा करते रहे। उसी दौरान महामारी के शिकार हुए। कार्यक्रम में आईसीसी ओबीसी विभाग समन्वयक राजेंद्र सेन, स्टेट कॉर्डिनेटर लोकेश सैनी, आरएस देव, जयपुर शहर ज़िला अध्यक्ष नरेंद्र मारवाल, सचिव भारती कुमावत, पुष्पा मावर, मदन मोहन सैनी, ईशा सैनी, आलिया सैनी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### महिला पर्यटक के गले से चेन तोड़ी

**जयपुर** । माणक चौक थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने सडक पार कर रही एक महिला पर्यटक के गले से सोने की चेन तोड़ कर फरार हो गए। चेन स्नैचिंग की वारदात के बाद महिला पर्यटक ने शोर किया तो लोगों ने बदमाशों का पीछा किया। लेकिन बदमाश तब तक मौके से भाग निकले। पीड़ित महिला पर्यटक थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र निवासी निकिता राठी ने मामला दर्ज करवाया है कि वह परिवार के साथ जयपुर घूमने आई हुई थी और जयपुर के बापू बाजार में अपने परिवार के साथ शॉपिंग कर के मुख्य सड़क पर जैसे ही आई बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मार कर उसके गले से सोने की चेन तोड़ ली। पीडिता द्वारा शोर मचाने पर मौके पर मौजूद कुछ लोग बाइक सवार बदमाशों का पीछा भी किया। लेकिन बदमाश मौके से फरार हो चुके थे। पीडिता ने चेन स्नैचिंग की वारदात होने पर पुलिस घटना की जानकारी द। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।

### शातिर नकबजन पुलिस के हत्थे चढा

**जयपुर** । करधनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले एक शातिर नकबजन को धर-दबोचा है। पुलिस ने आरोपित के पास से नकबजनी के दौरान चुराए गए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद किए है। पुलिस की अब तक की पूछताछ में आरोपित ने आधा दर्जन से अधिक वारदातों का खुलासा किया है और पचास से अधिक वारदातों में जेल भी जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी नशा करने का आदि है और नशे की पूर्ति के लिए कोटा से बस द्वारा जयपुर आता है और फिर वारदात करके पश्चात वापस चला जाता है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले एक शातिर नकबजन सादिक उर्फ जाहिद उर्फ चिंटी निवासी कैथून जिला कोटा को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने आधा दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है। इसके अलावा पचास से अधिक नकबजनी की वारदात में जेल भी जा चुका है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।



## Milan Fashion Week

Milan Fashion Week stands as a beacon of creativity and style in the fashion world. Designers and fashion enthusiasts flock to Milan for this event, eager to see the latest trends and groundbreaking collections. The city buzzes with excitement as top brands like Prada, Fendi, and Moschino unveil their new designs, setting the tone for the upcoming fashion season. The week isn't just about clothes, it's a full sensory experience filled with glamorous parties, celebrity sightings, and the electric energy of one of the Europe's most stylish cities.

#WELLNESS

# Therapy for Cancer Patients' Mental Health

Patients typically deal with depression, anxiety, and decreased general wellness due to these psychosocial burdens associated with cancer treatment and its side-late-effects. This therapy, which redirects the patients to think differently about their cancer and the meaning of cancer, is particularly beneficial among young cancer patients.






Cancer patients benefit from therapy that changes negative thoughts and behaviour, researchers report. Many cancer patients struggle with negative thoughts, behaviours, and emotions. However, when they identify and 'talk back' to these unhelpful thoughts through Cognitive Behavioural Therapy, their mental health and quality of life significantly improve, according to the new study. This therapy, which redirects the patients to think differently about their cancer and the meaning of cancer, is particularly beneficial among young cancer patients. Patients typically deal with depression, anxiety, and decreased general wellness due to these psychosocial burdens associated with cancer treatment and its side-late-effects.

"Prior research has been done on Cognitive Behavioural Therapy related to specific cancer populations, but a more inclusive investigation is lacking," says Anao Zhang, associate professor of Social Work at the University of Michigan and the study's corresponding author.

Zhang and colleagues reviewed 132 clinical trials that involved Cognitive Behavioural Therapy (CBT). More than 13,000 people, mostly female (79%), and ranging from ages 4 to 76, participated.


The study showed that age and how the therapy was delivered, in-person vs virtual, influenced how effective the treatment was for cancer patients.



The therapy was significant for cancer patients and survivors younger than age 40, but researchers failed to find CBT being overall effective for 65 and older, when pooling all available research evidence together. "This meant that there was not enough evidence to claim the effectiveness for this group," Zhang says. "In addition, the older clients' priorities may also differ from their younger peers, which may contribute to a lower/smaller treatment effect," he says. When it comes to delivery, the findings suggest a therapist or clinician, who provides care in-person, ensures treatment effectiveness compared to a telehealth consultation.

"For patients, who choose to receive interpersonal therapy, they expect some level of human-to-human, in-person connection, which can be difficult to be replaced by any technological format, for example, having a live human therapist on the other end of Zoom," Zhang says.





# Bahamas Is Not 'THE' Venue Anymore

You might think this is a silly observation. And fans of strictly utilitarian clothing may not care. But Musk seems to understand that making space travel *look chic and exciting* is important for generating the enthusiasm, and the will, to make risky, expensive space travel ventures happen. Engineering is obviously important, especially when your suit is the only thing protecting you from the icy vacuum of outer space, but so is marketing.




## You Got To Walk A Little More

Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

Have space suit, will travel. On Thursday morning, Jared Isaacman, the billionaire founder of payments company Shift4 Payments, took the first commercial spacewalk as part of the Polaris Dawn mission, in collaboration with Elon Musk's SpaceX. He looked extremely cool doing it.

That's not just because everyone looks cool in space. Isaacman took the spacewalk in an Extravehicular Activity Suit, a brand new space suit, developed over the last two-and-a-half years by SpaceX as part of a project to create the sort of comparatively low-cost space suits, that could one day be worn by humans on missions to other planets.

A typical NASA space suit costs between $15 and 22 million, according to *Popular Mechanics*, and NASA has spent more than $600 million developing suits over the years. These aren't exactly quick-to-make, mass-market products. Whew! The French designers have a project to mull at!

Humans aren't going to colonize the moon or Mars with what amounts to high-priced custom couture. With the new suits, SpaceX's long-term goal is essentially to transform the space suit business into something resembling fast fashion.

"Building a base on the Moon and a city on Mars will require millions of space suits," reads a caption on a SpaceX YouTube video, showing off the new suits earlier this year. "The development of this suit and the execution of the spacewalk will be important steps towards a scalable design for space suits on future long-duration missions as life becomes multiplanetary."

Isaacman echoed the idea. "We need space suits," he told CNN. "And, you know, they shouldn't cost hundreds of millions of dollars. We need tens of thousands of them someday." The new suits boast fancy features and materials, providing what the company says is "greater mobility, a state-of-the-art helmet heads-up display (HUD) and camera, new thermal management textiles, and materials borrowed" from the company's rocket capsule program.

Importantly, they also look awesome. You might think this is a silly observation. And fans of strictly utilitarian clothing may not care. But Musk seems to understand that making space travel *look chic and exciting* is important for generating the enthusiasm, and the will, to make risky, expensive space travel ventures happen. Engineering is obviously important, especially when your suit is the only thing protecting you from the icy vacuum of outer space, but so is marketing.

#SPACED- IN



> "And, you know, they shouldn't cost hundreds of millions of dollars. We need tens of thousands of them someday." The new suits boast fancy features and materials, providing what the company says is "greater mobility, a state-of-the-art helmet heads-up display (HUD) and camera, new thermal management textiles..."

If you're going to hang out in the great cosmic void, why not look cool doing it? *Space fashion*, it's truly the final frontier.

But wait! There are other costs to consider too. This spacewalk is the first of three funded by Mr. Isaacman, a pilot and the founder of electronic payment company, Shift4. He has refused to say how much he is paying for the missions, but they are believed to have cost hundreds of millions of dollars based on Crew Dragon's roughly $55m (£42m) per seat price for other flights. Billionaires, watch out! Your pennies are showing! A billionaire and an engineer have become the first non-professional crew to perform one of the riskiest manoeuvres in space, a spacewalk. Jared Isaacman and Sarah Gillis stepped out of the SpaceX spacecraft around 15 minutes apart, starting at 11:52 BST, wearing specially-designed suits.





"Back at home, we all have a lot of work to do, but from here, Earth sure looks like a perfect world," Mr. Isaacman said as he exited. Before this, only astronauts with government-funded space agencies had done a spacewalk.

Images broadcast live showed two crew emerge from the white Dragon capsule to float 435 miles (700 kms) above the blue Earth below. Mr. Isaacman emerged first, wiggling his limbs, hands and feet to test his suit. He returned back inside the hatch, and Ms. Gillis, who works for SpaceX, then climbed out. Both crew narrated their spacewalk, describing how their suits performed outside of the craft.

The walk, originally scheduled for 07:23 BST, was postponed early on Thursday. Anticipation and tension grew as the crew prepared to open the hatch on the craft that has no air lock, or doorway between the vacuum outside and the rest of the spacecraft.

The four crew members spent two days 'pre-breathing' to prevent becoming seriously ill from decompression sickness, known as getting 'the bends,' as the pressure changed. That involves replacing nitrogen in the blood with oxygen. The craft was then depressurised to bring it closer to the conditions of the space vacuum outside.

This type of spacewalk took a 'very different approach' to previous walks from, for example, the International Space Station, according to Dr. Simeon Barber, Research Scientist at the Open University. In recent decades, astronauts used an airlock that separates most of the craft from the space vacuum outside, but this SpaceX Dragon capsule was, in effect, entirely exposed to space outside.

"It's really exciting and I think it shows again that SpaceX is not afraid to do things in a different way," he told BBC News.

But it was not without major risks. Mr. Isaacman, who funded the Polaris Dawn mission, was the only member of the four-person crew on the Polaris mission to have previously been to space.

He is Commander on the Resilience spacecraft with his close friend, Scott 'Kidd' Poteet, who is a retired Air Force Pilot, and two SpaceX engineers, Anna Menon and Sarah Gillis. The Dragon capsule, the team flew in, has now launched to space three times, taking 11 crew in total. However, the capsule and the spacesuits are not subject to regulation and were untested in this environment. Spacewalks are one of the most difficult manouevres in space, so, the fact that a private company has pulled it off is a milestone in the history of space travel. This walk at 435 miles (700 kms) was higher than any previous walk, and used innovative technology in the new extravehicular activity (EVA) astronaut suits. These are an upgrade from SpaceX's previous intravehicular activity (IVA) suits. The EVA suit incorporates a heads-up display in its helmet, which provides information about the suit while it is being used.

> SpaceX says that the suits are comfortable and flexible enough to be worn during launch and landing, eliminating the need to have separate IVA suits. Extra nitrogen and oxygen tanks were installed and all four astronauts wore the suits, meaning that the mission broke the record for most people in the vacuum of space, at once.

Sarah Gillis read out data from her heads-up display during her time outside the Dragon capsule.

SpaceX says that the suits are comfortable and flexible enough to be worn during launch and landing, eliminating the need to have separate IVA suits. Extra nitrogen and oxygen tanks were installed and all four astronauts wore the suits, meaning that the mission broke the record for most people in the vacuum of space, at once.


Government space agencies like NASA want the private sector to transport their astronauts on missions and bring down the cost of space travel. And entrepreneurs like Isaacman and Elon Musk want to expand private space travel so that more non-professional astronauts can go to space. This is a major symbolic step forwards, but that day is probably a long way off as the costs remain prohibitively high. After the spacewalk, the crew members took off their protective spacesuits, rested, enjoyed a meal and connected with their families.

*rajeshsharma1049@gmail.com*



#TRENDS & TECHNOLOGY

# Best Weather Mobile Apps



Some apps tell you everything you need to know about the environment around you and throughout the world

Technology is now proving to be a boon in our daily lives. No invention, however, can compare to the creation of exceptional cell phones and their apps! Everything is just a click away, from buying clothes to buying groceries. You may order almost any product or service from your smartphone. Through mobile phones and their apps, one may read news online and form a virtual network of one's own.

Not only that, but you can use your smartphone to view the local weather forecast for the next few days and months! Some apps tell you everything you need to know about the environment around you and throughout the world. With each passing day, the number of people using weather apps will skyrocket. With this in mind, we've compiled a list of the top weather apps. All you have to do now is pick which one of the apps you want to put on your phone.



### AccuWeather


*AccuWeather Inc.* is a US-based media company that provides commercial weather forecasting services around the world.

AccuWeather is based in Ferguson Township, Pennsylvania, just outside of State College, and has offices in Manhattan's 7 World Trade Centre and Wichita, Kansas, and Oklahoma City, Oklahoma. AccuWeather has offices in Montreal, Tokyo, Beijing, Seoul, and Mumbai, among other places.

The app offers a massive collection of functions for each screen. AccuWeather can provide you with everything from a fast read on current temperatures and weather conditions to a complete precipitation study. This AccuWeather apps for Android and iOS contain over 3 million weather predictions.

### Weather Underground


There are many reasons to download the *Weather Underground* app to your phone. The app's layout is user-friendly and keeps users engaged while providing weather information. This app relies on over 30,000 individual weather stations to provide accurate weather forecasts. The app's estimates rely heavily on the reports and projections of these stations. This programme can even predict how long a thunderstorm will persist or how fast the wind will blow in the coming month. Because of its 'Smart Forecast' function, this app may gain the user's attention in the long run. You can use this function to tell the app the best time to go hiking, running, or on a trip shortly.



### Flowx

*Flowx* has created an Android app that shows data in a visually appealing manner. You should download Flowx if you want to look at weather data intriguingly. It provides consumers with precise forecasts and supplementary information in maps, graphs, and charts. Users can manually set custom locations or opt for automatic location information inclusion.

Flowx has developed a scrolling radar map function system with animations. You may use your fingers to scroll through the animated weather maps. You can also switch between other time zones while looking at the weather map. Installing Flowx on your phone is no risk, based on its current functionality and customer reviews.




### Weather on the Way

Google Maps, for example, is a location-based programme that offers route directions. Driving in severe weather can also be dangerous. Unlike most other weather apps, *Weather on the Way* displays risky driving conditions.

As you travel, enter your beginning location, finish destination, and time into the app. The Apple-powered software will show you the most efficient route and the current weather conditions. If you allow it, the app will automatically gather your current location data as soon as you start driving.


### Yahoo Weather

The *Yahoo Weather* app can be described in one word, attractive. This app's user interface is quite inviting. It not only draws users' attention when they open the app, but it also gives essential weather news and information. Yahoo Weather incorporates Flickr's crowdsourced wallpaper, bringing liveliness to the user experience.

### The Weather Channel

*The Weather Channel* is undeniably capable of becoming your go-to weather app. The app's sleek and elegant design, hourly and extended forecasts, and Apple Watch integration are all compelling reasons to use it. The app's distinguishing feature is thousands of harsh weather forecast videos. You can watch them and get the climate coverage you desire. The software has capabilities that warn users about deadly illnesses and approaching disasters. This weather control app also offers social sharing capabilities. Users can use this function to submit photographs, videos, and tweets and exchange links with other apps' users.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बबाई में रीको की जमीन पर हो रखे अवैध अतिक्रमण को हटवाया

## प्रशासन ने जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की


प्रशासन ने ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया।

■ 147 हेक्टेयर भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर रखा था

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के बबाई स्थित अशोक नगर में रीको औद्योगिक क्षेत्र को आवंटित की गई भूमि पर अवैध अतिक्रमण को लेकर प्रशासन की ओर से कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। प्रशासन की ओर से जेसीबी मशीन लगाकर अतिक्रमण हटाया जा रहा है। प्रशासन ने ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया।

रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से बबाई में रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जा रहा है। जिसको लेकर राज्य सरकार की ओर से जमीन आवंटित की गई थी। राज्य सरकार की ओर से आवंटित की गई जमीन पर बंजारा व स्थानीय लोगों की ओर से अतिक्रमण कर रखा था। रीको की जमीन पर अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन को अवगत करवाया गया था तथा रीको औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के लिए जगह ख़ाली करवाने की मांग की गई थी, जिस पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा गिरदावर व हल्का पटवारी की ओर से सीमा ज्ञान करवा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। उक्त लोगों की ओर से रीको की 147 हेक्टेयर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था तथा कई बार रीको की जगह खाली करने के लिए नोटिस भी जारी किए गए थे। इस दौरान प्रशासन की ओर से जेसीबी मशीन लगाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। प्रशासन की ओर से पहले तो तीन जेसीबी मशीन लगाई गई, इसके बाद पांच जेसीबी मशीन ओर मौके पर बुलाई गई तथा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

तहसीलदार नीलम राज बंशीवाल ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रीकों औधौगिक क्षेत्र की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान कुछ लोगों की ओर से हल्का विरोध किया तो उन्हें समझाइश की। इस दौरान एसडीएम सविता शर्मा, डीएसपी जुल्फीकार अली, नायब तहसीलदार विजयपाल सिंह, थानाधिकारी सरदारमल यादव, जेईएन प्रेरणा, गिरदावर सुरजमल सैनी, मनीराम, सुनील कुमार सहित सौ पुलिस के जवान तैनात किए गए।

# हलेड़ सरपंच व पति के खिलाफ तीन गांवों के ग्रामीणों का प्रदर्शन


तीन गांवों के ग्रामीणों ने रैली निकालकर विरोध जताया।

■ हलेड़ सरपंच पति द्वारा सरपंच पद का दुरुपयोग कर ग्राम पंचायत के कामों में दखलअंदाजी का आरोप

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर से सटी हलेड़ ग्राम पंचायत की सरपंच व उनके पति के खिलाफ तीन गांवों के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने सरपंच व पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने रैली निकालकर इसका ज्ञापन भी दिया।

हलेड़, सबलपुरा व अगरपुरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में आरोप लगाया कि हलेड़ सरपंच पति द्वारा सरपंच पद का दुरुपयोग कर ग्राम पंचायत के कामों में दखलअंदाजी की जा रही। आरोप है कि स्वयं सरपंच बनकर ग्रामीणों को धमकाते हैं। सरपंच लाड़ देवी आचार्य ग्राम पंचायत में नहीं बैठती। सरपंच पति बालूलाल आचार्य सरपंच की कुर्सी पर बैठकर सरपंच का कार्य करते है। दो साल से पंचायत की कोरम नहीं हुई। ग्रामीणों ने पंचायतीराज नियमों की धज्जियां उड़ाने का आरोप भी लगाया गया। ग्रामीणों ने कलेक्टर से ग्राम पंचायत आकस्मिक का निरीक्षण करवाकर दोषी सरपंच व सरपंच पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# हत्या के तीन आरोपियों को कोर्ट में पेश किया

■ माता-पिता की मौजूदगी में प्रशासन ने महिला का अंतिम संस्कार कराया

**करौली,** (निसं)। गत दिनों करौली जिले के करणपुर क्षेत्र की घाटी में मिले महिला के शव का महिला के माता-पिता के आने के बाद करौली अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर पुलिस ने नगर परिषद के सहयोग से मासलपुर गेट स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 21 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार गत दिनों करणपुर घाटी में एक पिता ने अपनी पत्नी और पुत्री का रिश्तेदारों के सहयोग से गला दबाकर करणपुर घाटी में पटक कर भाग निकले, जिसमें महिला की मौत हो गई। वहीं नौ वर्षीय बालिका को चोटें आई जिसका पुलिस ने उपचार कराते हुए पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। घटना की जानकारी लेते हुए बालिका ने अपने आपको बनगांव का होना बताया। इस मामले को जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने गंभीरता से लिया और करणपुर थाने के एएसआई जगदीश को बालिका के बताए स्थान पर पहुंचकर परिजनों की जानकारी के निर्देश दिए। थाने से रवाना हुआ एएसआई मध्य प्रदेश के दमोह स्थित बंद काम पहुंचा जहां से मृतक के पिता सिल्लू और मां मीरा को करौली अस्पताल लाया गया जहां उनसे शिनाख्त कराई गई। जिससे सामने आया कि मृतका वर्षा तीन-चार साल से उनके संपर्क में नहीं थी।

पुलिस ने अस्पताल के मेडिकल बोर्ड से मृतक महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर नगर परिषद के सहयोग से मासलपुर गेट स्थित मोक्षधाम में माता-पिता की उपस्थिति में अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं करणपुर थाना पुलिस द्वारा मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी ताला बड़ा निवासी मृतका के पति राजेश, राजेश का भतीजा राकेश और मनोहरपुर कैलादेवी निवासी दामाद कुलदीप को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 21 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# लाखों का गबन, मामला दर्ज

**उदयपुर,** (निसं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर फाईनेंस कंपनी स्टेड हेड व अन्य कर्मचारियों के खिलाफ लाखों रूपये का गबन कर नौकरी छोड़ जाने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सुरेन्द्रसिंह पुत्र श्यामसिंह निवासी भूमी नावा डीडवाना कुचामन ने आरोपी स्पंदन फाईनेंस के स्टेड हेड मुकेश सैन के अलावा कर्मचारी कासिम, मनीष, दशराज, सद्दाम के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि गत दिनों आरोपी कंपनी छोड़ गए। इसका पता चलने पर पड़ताल की तो आरोपियों द्वारा करीब 25 से 30 लाख रूपये का गबन कर फरार होने की जानकारी सामने आई। इस संबंध में संपर्क किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है, जिसकी जांच एएसआई विनेश कुमार कर रहे हैं।

# बकाया छात्रवृत्ति का भुगतान करने और लेक्चरर के रिक्त पद भरने की मांग

## भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा (बीपीवीएम) ने कॉलेज से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाल प्रदर्शन किया

■ एसबीपी कॉलेज सहित अन्य सरकारी कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को तीन साल से छात्रवृत्ति नहीं मिली है

**डूंगरपुर,** (निसं)। भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा (बीपीवीएम) ने कॉलेज विद्यार्थियों की बकाया छात्रवृत्ति का भुगतान करने और लेक्चरर के रिक्त पद भरने सहित विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को प्रदर्शन किया। एसबीपी कॉलेज से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली और कलेक्ट्रेट के सामने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

बीपीवीएम के बैनर तले कॉलेज विद्यार्थी बुधवार को जिले के सबसे बड़े एसबीबी कॉलेज के बाहर एकत्रित हुए। अपनी की मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित विद्यार्थियों के कॉलेज के बाहर सड़क पर इकट्ठे होने से सड़क पर जाम की स्थिति हो गई। कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश करते हुए रोड खुलवाया। प्रदर्शन के बाद विद्यार्थियों ने कॉलेज से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे।

छात्र नेता तुषार परमार ने बताया कि एसबीपी कॉलेज सहित अन्य सरकारी कॉलेजों में पढने वाले विद्यार्थियों को पिछले 3 साल से छात्रवृत्ति नहीं मिली है। साथ ही कॉलेजों में व्याख्याताओं के कई पद रिक्त हैं। कई बार शासन से लेकर प्रशासन को छात्रवृत्ति भुगतान और रिक्त पद भरने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे गएए लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। एसबीपी कॉलेज भवन का आधे से ज्यादा हिस्सा जर्जर हो चुका है उसका भी रेनोवेशन कराने की आवश्यकता है। प्रदर्शन के बाद छात्र संगठन ने कॉलेज प्रिंसिपल को सीएम के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। छात्र संगठन ने विद्यार्थियों की मांगों को जल्द पूरा करने की मांग रखी है। वहीं, पांच दिन में मांगे पूरी नहीं होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

# घाटी में पिकअप पलटी, बड़ा हादसा टला

## भरतपुर से मिर्च मसाले लेकर सबलगढ़ जा रही थी पिकअप


मंडरायल के पास स्थित घाटी में बेकाबू होकर पिकअप पलट गई।

**करौली,** (निसं)। मंडरायल के पास स्थित घाटी में बेकाबू होकर मिर्च-मसाले से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में ड्राइवर बच गया। गनीमत रही कि पिकअप पलटकर घाटी से नीचे खाई में नहीं गिरी जिससे बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है पिकअप भरतपुर से मिर्च मसाले लेकर मंडरायल के रास्ते सबलगढ़ जा रही थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम एक पिकअप भरतपुर से मिर्च मसाले लेकर सबलगढ़ जा रही थी। सबलगढ़ के लिए जाते समय पिकअप जैसे ही मंडरायल से करीब 8 किलोमीटर पहले घाटी में पहुंची। घाटी से उतरते समय एक मोड़ पर बेकाबू होकर पिकअप सड़क पर पलट गई जिससे आवागमन बाधित हो गया।

हालांकि दुर्घटना में ड्राइवर बाल-बाल बच गया। यहां गनीमत रही कि पिकअप पलटकर नीचे सैंकड़ों फीट गहरी खाई में नहीं गिरी जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप को साइड कराकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिकअप में अकेला ड्राइवर ही मौजूद था।

# युवक की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। चौरासी थाना क्षेत्र के बेड़ा गांव में करंट की चपेट आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद लोग इकट्ठे हो गए। वहीं, शव का डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमॉर्टम करवाया गया। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है। चौरासी थाना पुलिस के अनुसार बेड़ा निवासी पन्नालाल कटारा उसके घर पर लाइट नहीं होने से बिजली के तारों के कनेक्शन को देख रहा था। उसके ठीक पास ही दूसरे तार पर गीले कपड़े सुखाए हुए थे। ऐसे में उसे बिजली का तेज झटका लगा, जिससे वह चिल्लाते हुए दूर जाकर गिरा। पन्नालाल के गले और हाथों पर काफी झुलस गया था। पन्नालाल की आवाज सुनकर दूसरे कमरे में मौजूद पन्नालाल की पत्नी दौड़कर आई, लेकिन तब तक पन्नालाल की मौत हो गई थी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर चौरासी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना की जानकारी ली। इसके बाद शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आए। जहां पोस्टमॉर्टम की कारवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# सरदार पटेल की मूर्ति के अपमान पर आक्रोश

## पटेल समाज ने प्रदर्शन किया, आंदोलन की चेतावनी दी

**डूंगरपुर,** (निसं)। श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना ने बुधवार को कलेक्ट्री के सामने प्रदर्शन किया। पटेल समाज ने उत्तर प्रदेश के बरेली थाना क्षेत्र में एक जुलूस के दौरान कुछ युवकों द्वारा लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर जूते-चप्पल की माला पहनाकर अपमान करने पर जमकर आक्रोश जताया। पटेल समाज ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग रखी।

श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के बैनर तले बुधवार को पटेल समाज के लोग कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। सरदार वल्लभभाई पटेल का अपमान करने की घटना के विरोध में नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के नवाबगंज में ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान कुछ युवकों ने लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर जूते-चप्पल की माला पहना दी और उनका अपमान किया है। घटना को लेकर पूरे देश के पटेल समाज सहित लोगो में आक्रोश का माहौल है। डूंगरपुर का पटेल समाज भी घटना की निंदा करता है। पटेल समाज ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग रखी है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के गृहमंत्री से व्यक्तिगत वार्ता कर सरदार पटेल का अपमान करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार करें। बदमाशों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, अन्यथा पटेल समाज बड़ा आंदोलन करेगा।

# कॉमर्शियल यूज करते 24 घरेलू सिलेंडर पकड़े

**डूंगरपुर,** (निसं)। रसद विभाग ने बुधवार को शहर में छापेमारी कर 18 अलग-अलग जगहों से 24 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। इन घरेलू सिलेंडर को कॉमर्शियल यूज कर रहे थे। रसद विभाग सभी सिलेंडर को जब्त कर अब कानूनी कार्रवाई की तैयारी में है। जिला रसद अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर के कॉमर्शियल यूज को रोकने के लिए प्रदेशभर में अभियान चल रहा है। इसी के तहत बुधवार को डीएसओ विपिन जैन, प्रवर्तन निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह की टीम ने शहर में कई जगहों पर छापेमारी की। रसद विभाग की टीम ने पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, शहीद स्मारक पार्क के आसपास के सभी होटल, ढाबे और थड़ियों की जांच की। इस दौरान रसद विभाग को 18 जगहों से 24 घरेलू गैस सिलेंडर मिले। इन सिलेंडर का उपयोग कॉमर्शियल काम में कर रहे थे। जिस पर रसद विभाग ने सिलेंडर को जब्त कर लिए हैं।

# गंगापुर सिटी सहित आसपास में बरसात हुई

## बारिश के बाद सड़क पर पानी बह निकला, तापमान में गिरावट आई

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। बुधवार को दोपहर दो बजे के बाद शुरू हुआ बरसात का दौर करीब आधा घंटे तक चलता रहा। बारिश के बाद में तापमान में गिरावट आने से गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली।

गंगापुर सिटी में करीब चार-पांच दिनों से मौसम साफ हो गया था और धूप भी निकलने लगी थी। इससे पहले लगातार बारिश का दौर चल रहा था जिसके कारण धूप नहीं निकलने और लगातार बारिश से जगह-जगह जल भराव की समस्या भी खड़ी हो गई थी। बुधवार को दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर में आसमान में बादल छा गए। इसके कुछ देर बाद रिमझिम बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया। करीब आधे घंटे तक रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा।

बारिश के बाद सड़क पर पानी बह निकला। वहीं, बारिश के बाद ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आ गई और मौसम भी सुहाना हो गया। जिसके कारण पिछले तीन-चार दिनों से पढ रही गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली।

तहसील गंगापुर सिटी के कानूनगो राजेंद्र जायसवाल के अनुसार गंगापुर सिटी में 1 जनवरी से अब तक 1066 और 1 जून से अब तक 1051 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना हो गया है।

मौसम विभाग ने भी आगामी दो-तीन दिन में हल्की से मध्यम बारिश और मानसूनी गतिविधियों में वृद्धि की चेतावनी दी है। बारिश ने एक बार फिर जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश से किसानों के माथे पर भी चिंता की लकीरें नजर आने लगी हैं। ज्यादा बारिश की चलते खेतों में पानी भरने से फसलों को भी काफी मात्रा में नुकसान पहुंचा है।

# अजमेर के जवाहर लाल नेहरु अस्पताल में अत्याधुनिक पीडियाट्रिक वार्ड शुरू

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पीडियाट्रिक वार्ड का विधिवत शुभारंभ किया


पीडियाट्रिक वार्ड का विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने शुभारंभ किया।

■ वासुदेव देवनानी ने नए भवन की व्यवस्थाओं को देखा और भर्ती मरीजों से बातचीत की

■ नवनिर्मित पीडियाट्रिक ब्लॉक का मंगलवार को मुख्यमंत्री ने वर्चुअल उद्घाटन किया था

**अजमेर,** (कासं)। स्मार्ट सिटी योजना के तहत अजमेर संभाग के सबसे बड़े जेएलएन अस्पताल में बने नवनिर्मित पीडियाट्रिक ब्लॉक का मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल उद्घाटन किया था, जिसका विधिवत शुभारंभ बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया। उन्होंने नए भवन की व्यवस्थाओं को देखा और भर्ती मरीजों से बातचीत भी की। अस्पताल में बने पीडियाट्रिक ब्लॉक में बच्चों का इलाज शुरू हो गया है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बुधवार सुबह जेएलएन अस्पताल पहुंचे। उन्होंने केंद्र सरकार की स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय अजमेर में पीडियाट्रिक ब्लॉक, मल्टी लेवल पार्किंग भवन एवं पीजी गर्ल्स हॉस्टल का विधिवत शुभारंभ कर आमजन को समर्पित किया और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

अवलोकन के दौरान उन्होंने भर्ती मरीज बच्चों से बातचीत भी की। देवनानी ने कहा कि जेएलएन अस्पताल संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां पर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत पीडियाट्रिक ब्लॉक और मेडिसन ब्लॉक का निर्माण किया गया है। अजमेर में संभाग से आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा। नया पीडियाट्रिक ब्लॉक 5 स्टार सुविधाओं से युक्त है। सभी पलंगों पर केंद्रीयकृत ऑक्सीजन सिस्टम लगे हुए हैं। भर्ती मरीजों को पलंग पर ही एक्स-रे सुविधा है। अजमेर में भी सुपर स्पेशियलिटी सुविधा जल्द मिलेगी। इस सुविधा के शुरू होने के बाद संभाग के मरीजों को जयपुर नहीं जाना पड़ेगा। जेएलएन मेडिकल कॉलेज में भी सीटें बढ़ने से व्यवस्थाओं में सुधार होगा।

**बच्चों के लिए म्यूजिक थैरेपी की व्यवस्था :-** उल्लेखनीय है कि ब्लॉक का निर्माण करीब 35 करोड़ की लागत से हुआ है, 244 पलंग की क्षमता का ब्लॉक बनाया गया है। 20 हजार लीटर की क्षमता की एक टंकी छत पर बनाई गई है। हर वार्ड में बच्चों के लिए म्यूजिक थैरेपी की व्यवस्था भी की गई है। 6 मंजिला 7 हजार वर्ग मीटर में बने पीडियाट्रिक ब्लॉक में ऑटोमेटिक बेड लगाए गए हैं। 44 बेड ग्राउंड फ्लोर पर इमरजेंसी व पीआईसीयू यूनिट बनाई गई है।

# खेल जगत



मीराबाई चानू का काम अधूरा और उनमें अभी बहुत कुछ शेष हैं। चानू बेहद अनुशासित एथलीट हैं। भारत में महिला भारोत्तोलन का भविष्य उज्ज्वल है। मीराबाई को प्रतिस्पर्धी भारोत्तोलन में बने रहना चाहिए। - **विजय शर्मा**

**मीराबाई चानू के कोच ने उनके बारे में बताया।**

## आज का खिलाड़ी ▶ लियाम लिविंगस्टोन



**आईसीसी** ने बुधवार को टी-20 खिलाड़ियों की रैंकिंट जारी की। इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई और नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त तीन मैचों की टी20 सीरीज में लियाम ने बैट और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने दो मैचों में 124 रन और 5 विकेट अपने नाम किए।लियाम ने 47 गेंद में 87 रन की शानदार पारी खेली, इस दौरान उन्होंने 6 चौके और पांच छक्के भी जड़े।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबाल में पहली हैट्रिक करने का श्रेय फीफा अमेरिका के ब्रेट्रेम को जाता है, वहीं कुछ लोग अर्जेंटीना के गुलिरेमा स्टे विल को यह सम्मान देते है।

## रिकी पोंटिंग पंजाब किंग्स के कोच नियुक्त

नयी दिल्ली, 18 सितंबर। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) का नया मुख्य कोच बनाया गया है। पोंटिंग ने किंग्स के साथ एक बहु-वर्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। पोंटिंग शेष कोचिंग सदस्यों पर अंतिम निर्णय



लेंगे। यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ कि पिछले साल से कोचिंग इकाई के कौन-कौन से कोचिंग सदस्य उनकी टीम में शामिल होंगे। आईपीएल 2024 में दूसरी बार पर्पल कैप जीतने वाले हर्षल पटेल, शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा की अनकैप्ड भारतीय जोड़ी पिछले सत्र में पंजाब किंग्स के लिए महत्वपूर्ण प्रदर्शन करने वालों में से थे। किंग्स के पास बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा, लेग स्पिनर राहुल चाहर के साथ-साथ विदेशी खिलाड़ियों का एक अच्छा समूह भी है, जिसमें सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन, जॉनी बेयरस्टो और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा की इंग्लैंड की तिकड़ी शामिल है।

## बिना किसी प्रयोग के न्यूजीलैंड के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ टीम उतरेगी : एलिसा हीली

सिडनी, 18 सितंबर। ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने कहा है कि वे बिना किसी प्रयोग के न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की श्रृंखला के लिए सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारेंगे। न्यूजीलैंड के साथ श्रृंखला के शुरुआती मैच की पूर्व



संध्या पर बुधवार को हीली ने कहा, मुझे लगता है कि बंगलादेश हमारे लिए कुछ चीजों को आजमाने का एक अच्छा अवसर था, वहां हमने देखा कि अगर हमारे कुछ प्रमुख खिलाड़ी खेल नहीं पाते हैं, तो क्या होगा, हम उन भूमिकाओं की भरपाई कैसे कर सकते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारे लिए विश्वकप से पहले हमारी एकादश में कुछ स्थिरता है, आप अभी भी विश्व कप जीतने के लिए सभी 15 खिलाड़ियों का उपयोग कर सकते हैं, हर कोई अपनी भूमिका जानता है। मुझे लगता है कि हम इस संबंध में अच्छी स्थिति में हैं।

## महिला टी-20 विश्वकप विजेता को मिलेंगे 19.5 करोड़ रुपये

दुबई, 18 सितंबर। संयुक्त अरब अमीरात में तीन अक्तूबर से शुरू हो रहे महिला टी-20 विश्वकप विजेता टीम को लगभग 19.5 करोड़ रूपए की राशि मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को महिला टी-20 विश्वकप के लिये दोगुना से अधिक पुरस्कार राशि की घोषणा की। इस बार विजेता टीम को मिलने वाली राशि पिछले टी-20 विश्वकप के विजेता टीम को दी गई राशि से यह लगभग 134 प्रतिशत अधिक है। 2023 में इस टूर्नामेंट के विजयी टीम को लगभग 8.5 करोड़ की राशि दी गई थी। जून 2023 में आईसीसी ने यह घोषणा करते हुए कहा था कि महिला और पुरुष के किसी भी टूर्नामेंट में पुरस्कार राशि एक समान होगी। उस घोषणा के अनुसार यह पहला टूर्नामेंट होगा, जहां महिला और पुरुष टीम के विजेताओं को एक समान पुरस्कार राशि दी जाएगी। 2024 पुरुष टी-20 विश्वकप के विजेता भारत को इस साल की शुरुआत में लगभग 20.5 करोड़ रूपए मिले थे। पुरुष और महिला टूर्नामेंट में खेले गए मैचों की संख्या में अंतर के कारण महिला टी-20 विश्व कप की राशि में थोड़ा सा अंतर है और उन्हें 19.5 करोड़ रूपए मिलेंगे। पुरुष टूर्नामेंट में 20 टीमें थीं, जबकि महिला टूर्नामेंट में केवल 10 टीमें हैं।

## शायद जान बूझकर डेविस कप मुकाबला नहीं खेले सुमित नागल : भारतीय टेनिस संघ

नयी दिल्ली, 18 सितम्बर। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने कहा कि शायद देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल स्वीडन के खिलाफ पिछले सप्ताह जान बूझकर डेविस कप मुकाबला नहीं खेले। स्वीडन ने भारत को 4.0 से हरा दिया था। एआईटीए सचिव अनिल धूपर ने कहा कि नागल और युकी भांबरी जैसे शीर्ष खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी का टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। कप्तान रोहित राजपाल ने युगल विशेषज्ञ एन श्रीराम बालाजी को पहले एकल मुकाबले में उतारा। टीम में एकमात्र अनुभवी खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन थे। भारत के पास एक ही एकल खिलाड़ी था। नागल ने कमर की तकलीफ का हवाला देकर डेविस कप से नाम वापिस लिया था जबकि युकी ने नहीं खेलने का कोई कारण नहीं बताया। नागल अब हांगझोउ में एटीपी 250 टूर्नामेंट खेल रहे हैं।

## चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में होगा मुकाबला, आसमान में बादल छाए

# भारत को बांग्लादेश की कड़ी चुनौती आज से, बारिश के आसार

### कोच गौतम गंभीर का पहला टेस्ट, चेपॉक में भारत का रिकॉर्ड अच्छा

चेन्नई, 18 सितम्बर। भारत और बांग्लादेश के बीच का पहला टेस्ट बारिश से प्रभावित हो सकता है। यह मुकाबला चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 19 सितंबर से खेला जाना है। मौसम वेबसाइट एक्यूवेदर के अनुसार, चेन्नई में 18, 19 और 20 सितंबर को बारिश हो सकती है। यानी के टेस्ट मैच के शुरुआती दो दिनों में बारिश के आसार हैं।

बता दें कि करीब 6 महीने के बाद भारत में इंटरनेशनल क्रिकेट की वापसी हो रही है। इंडिया में आखिरी इंटरनेशनल मैच 7 से 9 मार्च के बीच खेला गया था। धर्मशाला में खेले गए उस मुकाबले में इंडिया ने इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हराया था।

एक्यूवेदर के पूर्वानुमान के मुताबिक 19 सितंबर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच के पहले और दूसरे दिन बारिश हो सकती है। हालांकि, बारिश से ज्यादा नुकसान नहीं होगा, क्योंकि 19 सितंबर को पहले सेशन के शुरुआती एक से डेढ़ घंटे बारिश से प्रभावित हो सकते हैं। 20 सितंबर को भी ऐसा ही मौसम रहने का पूर्वानुमान है।

गुरुवार 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ भारत अपने टेस्ट सीजन की शुरुआत कर रहा है। अब उसे अगले साल जनवरी तक कुल 10 टेस्ट मैच खेलने हैं. ऐसे में गुरु गौतम गंभीर का भी खास टेस्ट हो रहा है। वहीं दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क में होगा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपनी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए पहले ही चेन्नई पहुंच चुकी थी। दूसरी ओर मेहमान टीम बांग्लादेश भी रविवार को चेन्नई पहुंच गई।

चेपॉक और टीम इंडिया के बीच का रिश्त काफी लंबा एंव ऐतिहासिक है। साल 1952 में भारत ने चेन्नई में ही अपनी पहली टेस्ट जीत हासिल की थी। जो कि



भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक मील का पत्थर था। इसी मैदान पर भारत ने अपनी टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया। 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में करुण नायर की 303 रनों की शानदार पारी की बदौलत भारत ने 759/7 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

इससे पहले वीरेंद्र सहवाग ने भी साल 2008 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ इसी मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में अपना बेस्ट स्कोर बनाया। चेपॉक में दर्शकों की क्षमता लगभग 38,000 है। यहां के दर्शकों को बहुत ही जानकार और खेल भावना से ओतप्रोत माना जाता है। जब 1997 में पाकिस्तान के सईद अनवर ने वनडे में 194 रन बनाकर सर्वोच्च स्कोर बनाया था, तो दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई थीं।

ये मैदान साल 1936 में रणजी ट्रॉफी के उद्धाटन मैच का भी मेजबान था, जब मद्रास ने मैसूर के साथ खेला। साल 1986 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां पर टेस्ट मैच टाई पर छूटा था, जिसमें डील जोन्स ने 210 रनों की पारी खेली थी। इसी मैदान पर नरेंद्र हिरवानी ने अपने टेस्ट डेब्यू पर 136 रन देकर 16 विकेट लिए थे। चेपॉक में अब तक 34 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 15 मैचों में जीत दर्ज की, जबकि 7 मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा। वहीं 11 मैच ड्रॉ रहे और एक मुकाबला टाई पर छूटा। चेपॉक में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 13 टेस्ट मैच जीते हैं। भारतीय टीम ने यहां अपना आखिरी टेस्ट मैच 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था, जिसमें उसने 317 रनों से शानदार जीत हासिल की थी।



## निगार सुल्ताना करेगी महिला टी-20 विश्वकप में बांग्लादेश की अगुवाई

ढाका, 18 सितंबर। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अक्टूबर में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप 2024 के लिये बांग्लादेश टीम की अगुवाई निगार सुल्ताना जोटी करेंगी। बांग्लादेश की टी-20 विश्वकप के लिए निगार सुल्ताना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में नाहिदा अख्तर, शोरना अख्तर, राबेया, सुल्ताना खातून और फहीमा खातून के हाथ स्पिन की कमान होगी। वहीं युवा मारुफा अख्तर, जहांआरा आलम, रितु मोनी और सोभना मोस्टरी से तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार महिला टी-20 विश्वकप 2024 के ग्रुप बी में बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड के साथ शामिल है। टी-20 विश्वकप में बंगलादेश तीन अक्टूबर को शारजाह में स्कॉटलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेलेगा। महिला टी-20 विश्वकप के लिए बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है: निगार सुल्ताना जोटी (कप्तान), नाहिदा अख्तर, मुर्शिदा खातून, शोरना अख्तर, मारुफा अख्तर, राबेया, मि. रितु मोनी, सोभना मोस्टरी, दिलारा अख्तर (विकेट कीपर), सुल्ताना खातून, जहांआरा आलम, फहीमा खातून, ताज नेहर, दिशा बिस्वास और शाति रानी शामिल होंगे।

## एशियाई खेलों की पदक विजेता किरण डोप जांच में विफल

### पूनिया निलंबित खिलाड़ियों की सूची से गायब



नई दिल्ली, 18 सितम्बर। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता गोला फेंक एथलीट किरण बालियान को प्रतिबंधित पदार्थ की जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया जबकि विभिन्न खेलों के कई खिलाड़ियों के नाम डोपिंग करने वाले एथलीट की ताजा सूची में शामिल हैं। हैरानी की बात है कि ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया का नाम ताजा अपडेट हुई सूची से गायब है जबकि उनका नाम नाडा द्वारा हाल में जारी की गई पिछली सूची में शामिल था। नाडा ने 23 जून को दूसरी दफा निलंबित कर दिया था तीन हफ्ते पहले नाडा के अनुशासन रोधी डोपिंग पैनल (एडीडीपी) ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द कर दिया था कि उन्हें राष्ट्रीय संस्था द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिया गया था। नाडा ने 23 जून को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान को निलंबित कर दिया क्योंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल्स के दौरान अपने मूत्र के नमूने देने से इनकार कर दिया था। खेल की वैश्विक संचालन संस्था यूनाईटेड कुश्ती विश्व (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भी उन्हें निलंबित कर दिया था।

## अफगानी फिरकी में फंसे दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज

शारजाह, 18 सितंबर। फजलहक फारूकी (चार विकेट) और ए एम गजनफर (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण को 33.3 ओवर में 106 के स्कोर पर समेट दिया है। आज यहां टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जो कि उसके लिये घातक सिद्ध हुआ। दक्षिण अफ्रीका का पहला विकेट 17 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स (9) के रूप में गिरा। उन्हें फारूकी ने बोल्ड आउट किया। इसके बार फारूकी ने कप्तान एडन मारक्रम (2) को भी सस्ते में निपटा दिया। टोनी डीजार्जी (11) भी फारूकी का शिकार बने। ट्रिस्टन स्टब्स (शून्य),काइल वेरेन (10), जेसन स्मिथ (शून्य) को ए एम गजनफर ने आउट किया। ब्योर्न फोर्टेन (16) लुंगी एन्गिडी (शून्य) को राशिद खान ने अपना शिकार बनाया।

## एकता की भावना ने हमें फाइनल जीतने में मदद की : हरमनप्रीत सिंह

नयी दिल्ली, 18 सितंबर। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि एकता की भावना के कारण हमने मंगलवार को हुलुनबुइर में हुए फाइनल मुकाबले में चीन को मात देकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता।

हरमनप्रीत ने कहा, फाइनल वास्तव में बहुत रोमांचक था, पूरे खेल में चीनी खिलाड़ी हम पर हावी होने का प्रयास कर रहे थे और हमें गोल करने का मौका बनाना वास्तव में मुश्किल हो रहा था, लेकिन पिछले एक साल में टीम ने एक-दूसरे पर बहुत भरोसा कायम किया है। पिछले वर्ष चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक, हांग्जो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और पेरिस ओलंपिक 2024 से कांस्य पदक ने टीम के भीतर एक गहरी मित्रता की भावना पैदा की है। हम एक-दूसरे के लिए मरने को तैयार हैं। यह एकता



की भावना ही थी जो हमें आश्वस्त करती थी कि हम मिलकर खेलते हुए जीतने का कोई रास्ता खोज लेंगे।

उन्होंने कहा, हमें अपना खिताब बरकरार रखने पर गर्व है, लेकिन अभी काम बंद नहीं हुआ है। हमें कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की आवश्यकता है, हमें अपनी टीम में भी गहराई लाने की जरूरत है। टीम थोड़े समय के ब्रेक के बाद वापस शिविर में लौटेगी और अपने समर्थकों को फिर से गौरवान्वित करने के लिए फिर से टूर्नामेंटों की तैयारी शुरू करेगी।

टीम के उप कप्तान विवेक सागर प्रसाद ने कहा, ग्रुप स्तर के सभी टीमों के खिलाफ खेलना कठिन था। ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद हमारी पीठ पर तमगा लगा था, हम ही वह टीम थी जिसे हराना था। लेकिन टीम के हर एक खिलाड़ी ने दिखाया कि हम अपने विरोधियों से आगे निकल गए हैं। युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, कृष्ण और सूरज ने बारी-बारी से हमें मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला, डिफेंडर भरोसेमंद रहे और मिडफील्डर और फॉरवर्ड ने मैदान पर धमाल मचाया। कुल मिलाकर, यह बहुत मजेदार था।

## पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया को मालविका ने हराया

### चाइना ओपन में 26-24, 21-19 से जीत दर्ज की, विमेंस डबल्स में गोपीचंद-जॉली हारे



चांगझोउ (चीन), 18 सितम्बर। चीन के चांगझोउ में हो रहे बैडमिंटन के चाइना ओपन टूर्नामेंट में भारत की मालविका बंसोड़ ने विमेंस सिंगल्स में बड़ा उलटफेर कर दिया है। उन्होंने पेरिस ओलिंपिक 2024 की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट ग्रेगोरिया टुनजुंग को प्रतियोगिता के पहले दौर में हराया है।

इस मैच में इंडोनेशिया की वर्ल्ड नं. 7 बैडमिंटन खिलाड़ी को फेवरेट माना जा रहा था। लेकिन भारत की मालविका बंसोड़ ने शानदार परफॉर्म करते हुए सीधे सेट 26-24, 21-19 से मुकाबला जीत लिया। ये उनके करियर की सबसे बड़ी जीत है। 23 वर्षीय मालविका ने पहले गेम से ही टुनजुंग को दबाव में डाल दिया। उन्होंने एक समय 18-12 से लीड ले थी और गेम जीतने के करीब थी। लेकिन यहां इंडोनेशिया की टुनजुंग ने वापसी की और आखिरी समय में 8 पॉइंट्स अपने नाम करके गेम को टाई ब्रेकर में पहुंचा दिया। इस टाई ब्रेकर मालविका ने 26-24 से जीता और मैच में 1-0 की बढ़त ले ली। दूसरे गेम में टुनजुंग ने शानदार खेल दिखाया और पहला गेम हारने के बावजूद दूसरे गेम में कड़ा मुकाबला किया। इस गेम के अंतिम समय में दोनों प्लेयर्स बराबर पॉइंट्स (19-19) पर थे।

## कमिंडू ने अपने करियर का चौथा शतक लगाया

### कुसल मेंडिस की फिफ्टी, पहले दिन स्टंप्स के बाद श्रीलंका का स्कोर 302/7

गाले, 18 सितम्बर। न्यूजीलैंड और श्रीलंका टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका के मिडिल ऑर्डर बैट्समैन कमिंडू मेंडिस ने अपने करियर की चौथी सेंचुरी लगाई। उन्होंने 114 रन की पारी खेली। उनके अलावा कुसल मेंडिस ने 50 रन बनाए।

बुधवार को पहले दिन के स्टंप्स के बाद श्रीलंका का स्कोर 7 विकेट खोकर 302 रन है। न्यूजीलैंड की तरफ से विल ओरूर्क ने 3 और ग्लेन फिलिप्स ने 2 विकेट लिए। यह मुकाबला गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मेजबान श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बुधवार को पहले सेशन में श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

ओपनर पथुम निसांका 27 रन और दिमुथ करुणारत्ने 2 रन बनाकर आउट हुए।



दोनों को विल ओरूर्क ने पवेलियन भेजा। इसके बाद दिनेश चांदीमल ने 30 और एंजेलो मैथ्यूज ने 36 रन की पारी खेली। चांदीमल को साउथी और मैथ्यूज को विल ओरूर्क ने आउट किया।

कप्तान धनंजय डी सिल्वा को 11 रन पर ग्लेन फिलिप्स ने आउट किया। दूसरी छोर से विकेट गिरने के बावजूद कमिंडू मेंडिस ने इंग्लैंड के अपने अच्छे परफॉरमेंस को जारी रखा और अपने करियर का चौथा शतक लगाया। उन्हें 114 रन पर एजाज पटेल ने आउट किया। उनके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 50 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड की तरफ से विल ओरूर्क ने सबसे ज्यादा 3 और ग्लेन फिलिप्स ने 2 विकेट लिए। टिम साउथी और एजाज पटेल को 1-1 विकेट मिला।

## विराट कोहली ने लिया गंभीर का इंटरव्यू

चेन्नई, 18 सितम्बर। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर का इंटरव्यू लिया है। बुधवार को इसका वीडियो पोस्ट किया। 19 मिनट 19 सेकेंड के इस वीडियो में दोनों ने क्रिकेट जर्नी, अचीवमेंट और विवाद पर बात की। गंभीर ने बताया कि वे नेपियर टेस्ट (2009) की ढाई दिन तक चली पारी के दौरान हनुमान चालीसा सुन रहे थे। वहीं कोहली ने बताया कि वह 2014-15 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर ऊं नमः शिवाय का जाप कर रहे थे। विपक्षी खिलाड़ियों से बहस के सवाल पर गंभीर ने कहा- आप मुझे बेहतर जवाब दे सकते हैं। - 2023 में विवाद के बाद गंभीर-कोहली के बीच मनमुटाव की खबरें थीं। इस पर कोहली ने कहा कि इंटरव्यू के बाद बाहर के सारे मसाले खत्म हो जाएंगे। कोहली ने इंटरव्यू की शुरुआत यह कहते हुए की कि हम बाहर के सारे मसाले खत्म करने आए हैं। इस पर दोनों ठहाके मारकर हंसने लगे। दरअसल, मैदान पर दोनों के बीच कई विवाद हो चुके हैं।

## देश अब बल्लेबाजी की दीवानगी से गेंदबाजी के जुनून में बदल रहा है : गंभीर

चेन्नई, 18 सितंबर। भारतीय क्रिकेट पुरुष टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, आर अश्विन और रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ियों ने देश को बल्लेबाजी की दीवानगी से गेंदबाजी के जुनून में बदला है।

गुरुवार से बंगलादेश के साथ शुरु हो रहे टेस्ट मैच से पहले गंभीर ने कहा, भारत में ऐसा कई बार नहीं हुआ है जब हम गेंदबाज के बारे में बात करने लगे हों। मुझे लगता है कि देश हमेशा बल्लेबाजों और बल्लेबाजों के बारे में ही बात करता रहा है। भारत एक समय बल्लेबाजी का दीवाना देश था। आपको बुमराह, शमी, सिराज, अश्विन, जडेजा को श्रेय देना होगा कि अब वे इसे गेंदबाजी के जुनून में बदल रहे हैं और हम गेंदबाजों के बारे में बात करने लगे हैं। बुमराह ने केवल 36 टेस्ट खेले है और आंकड़े बताते है कि वह लगभग हर तीन टेस्ट में एक बार



पांच विकेट (अब तक 10) लेते हैं और उनके इसी हुनर के कारण भारत ने ओवल 2021, मेलबर्न 2018, विशाखापत्तनम 2024 में जीत हासिल की हैं। गंभीर ने कहा, तीनों प्रारूप में बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं और यह केवल उनका प्रदर्शन नहीं है, यह उनकी भूख है। सबसे अच्छी बात यह है कि वह जितना संभव हो, उतना टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, लाल गेंद की क्रिकेट में वह क्या कर सकते हैं, यह बताने की आवश्यकता नहीं है। मुझे लगता है कि यह वास्तव में सम्मान की बात है कि हमारे पास बुमराह जैसा कोई खिलाड़ी है, जो हमारे लिए खेल रहा है और ड्रेसिंग रूम में बैठा है। उनकी वजह से हम खेल के किसी भी चरण में बदलाव ला सकते हैं। तो हां, उम्मीद है कि हम इस श्रृंखला में भी ऐसा ही कर सकते हैं और आगे भी ऐसा करेंगे।

उन्होंने कहा, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि सबसे अच्छी शैली वह शैली है, जो जीत दिलाती है। हम एक ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो किसी एक शैली को अपनाने की बजाय स्वयं को ढाल लेती है और जल्द सीख लेती है। अगर आप एक ही शैली अपनाने लगेंगे तो सुधार नहीं होगा। हम चाहते हैं कि लोग स्थिति, परिस्थिति को देखकर खेलें और फिर हर दिन आगे बढ़ते रहें। और आखिर में यही सब मायने रखता है। आप जानते हैं, यह सब एक निश्चित शैली को नाम देना और केवल एक ही तरीके से खेलना, सब अंततः परिणामों के बारे में है। जैसा कि मैंने अभी बताया, सबसे अच्छी शैली वह शैली है जो जीताती है।

## परिणाम के बारे में नहीं सोच रहा हूं, केवल प्रक्रिया का अनुसरण करना चाहता हूं : शंटो

चेन्नई, 18 सितम्बर। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो नहीं चाहते हैं कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में जीत के खुमार में डूबी रहे। वह चाहते हैं कि इसके बजाय टीम गुरुवार से यहां शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत की मजबूत टीम का सामना करने पर ध्यान दे। बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान के खिलाफ उसकी धरती पर दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में 2-0 से जीत दर्ज करके यहां पहुंची है। शंटो ने बुधवार को यहां मैच की पूर्व संध्या पर पर पत्रकारों से कहा,"मेरा मानना है कि हमने पाकिस्तान में बहुत अच्छी क्रिकेट खेली जिससे हमारा काफी मनोबल बढ़ा है लेकिन अब वह अतीत की बात है।" उन्होंने कहा,"हम यहां नई श्रृंखला खेलने के लिए आए हैं और हमारे खिलाड़ियों को विश्वास है कि हम अच्छी क्रिकेट खेल सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बावजूद बांग्लादेश के लिए भारत में खेलना आसान नहीं होगा लेकिन शंटो का मानना है की परिस्थितियों से खास अंतर पैदा नहीं होगा। उन्होंने कहा," भारत की टीम बहुत मजबूत है।




**AVAIL BENEFITS UP TO ₹ 1 00 000** | ADDITIONAL BOOKING BONANZA UP TO ₹ 10 000****

**JAIPUR: NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PH: 9116639102), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA GOPALPURATONK ROAD** (PREM MOTORS PH: 8058499999), **NEXA RAJAPARK** (KTL AUTOMOBILE PH: 9257022731), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PH: 9116032607), **NEXA SANGANER - TONK ROAD** (SANGA AUTONATION MOTORS PH: 8233638222), **AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **NEXA VAISHALI NAGAR** (AJMER AUTO PH: 9694541201, 9314391004), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794316), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **JALORE: NEXA BHINMAL BYPASS CIRCLE** (SHRI KRISHNA AUTOSALES PH: 9929244403), **PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PH: 9785838888), **SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **BANSWARA: NEXA BANSWARA CENTRAL** (NAVNEET MOTORS PH: 9376240719), **RAJSAMAND: NEXA RAJNAGAR** (TECHNOY MOTORS PH: 9251988300), **DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

Scan to explore NEXA World | Scan to chat on WhatsApp

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. **All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Total offers including Booking Bonanza scheme is applicable on booking & invoicing till 30th September '24 and Delivery during Navratri till 5th October '24. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. *3 years or 100 000 km whichever is earlier.